प्रेषक

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Annexure
Annexure - 1.1

सेवा में,

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–एन.एच.एम. / एस.पी.एम.यू. / एम.एच. / ऑन कॉल / 84डी / 2024–25 / 2543 - 2 दिनांक 2 7.2024

विषय–वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रदेश के चिन्हित एफ0आर0यू0 पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को ऑन–कॉल पर बुलाने की व्यवस्था हेतु आवंटित धनराशि के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

महोदया / महोदय,

आप अवगत हैं कि चिन्हित प्रथम सन्दर्भन इकाइयों पर सीजेरियन प्रसव हेतु नियमित / संविदा स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ या EmoC एवं LSAS प्रशिक्षित चिकित्साधिकारी उपलब्ध न होने की स्थिति में ऑन–कॉल स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञों की व्यवस्था के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में ऑन–कॉल व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में **पत्र संख्या–एन.एच.एम. / एस.पी.एम.यू. / एम.एच. / ऑनकॉल / 84डी / 2023–24 / 1388–2 दिनांक 19.5.2023** के माध्यम से प्रेषित किये गये दिशा निर्देशों के (बिन्दु– **"जनपद की एफ0आर0यू0 के लिए ऑन–कॉल सुविधा"**, बिन्दु–4 में **"वित्तीय व्यवस्था"** एवं बिन्दु–5 में **"अनुश्रवण, मूल्यांकन तथा रिपोर्टिंग"** में संशोधन सहित) पालन किया जाना है।

- उक्त दिशा–निर्देश में जनपद की एफ0आर0यू0 के लिए ऑन–कॉल सुविधा में संशोधन निम्नवत है –
  - *ऐसे जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालयों जहां पर केवल एक Gynecologist एवं केवल एक Anesthetist तैनात हैं, तो ऐसी स्थिति में रात्रि कालीन आकस्मिक सिजेरियन प्रसव (Emergency C-Section) हेतु ऑन–कॉल की व्यवस्था अनुमन्य होगी।*
  - *ऑन कॉल विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य इकाई छोड़ने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना है कि लाभार्थी के वाइटल स्टेबल हों तथा उस समय स्वास्थ्य इकाई पर उपस्थित चिकित्सक को फॉलो–अप हेतु लाभार्थी की स्थिति से अवगत करा दें। ऑन कॉल विशेषज्ञ के जाने के उपरांत प्रसूता के Post Operative Care का दायित्व स्वास्थ्य इकाई पर तैनात चिकित्सा अधीक्षक का होगा। आवश्यकता पड़ने पर ऑन कॉल विशेषज्ञ को फॉलो–अप विजिट कर प्रसूता में होने वाली जटिलता का उपचार एवं प्रबन्धन हेतु बुलाया जाना है।*
- उक्त दिशा–निर्देश में बिंदु संख्या 4 में वित्तीय व्यवस्था में संशोधन निम्नवत है –
  - ऑन कॉल विशेषज्ञ हेतु honorarium, यात्रा भत्ता एवं 01 फॉलो–अप विजिट की वित्तीय व्यवस्था निम्न तालिकानुसार है–

| S. N. | Type of Specialist | Honorarium during Day (8 AM to 8 PM) (in Rs) | Honorarium during Night (8 PM to 8 AM) (in Rs) | Travel allowance (in Rs) | 01 Follow-up visit (in Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Regular/ Contractual/ Private gynecologist | 2000 | 4000 | 1000 | 1500 |
| 2 | Regular/ Contractual/ Private Anesthetist | 2000 | 4000 | 1000 | Not applicable |

Scanned with OKEN Scanner

➢ ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या प्रसूति व स्त्री रोग) द्वारा दिन (8 AM to 8 PM) में किये गए सिजेरियन प्रसव हेतु honorarium रु0 2000/– प्रति केस एवं obstetric emergency हेतु रात (8 PM to 8 AM) में किये गए सिजेरियन प्रसव हेतु honorarium रु0 4000/– प्रति केस की दर से अनुमन्य होगा।

❖ उक्त दिशा–निर्देश में बिंदु संख्या 5 अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंग में संशोधन निम्नवत है –

➢ ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या गायनेकॉलजिस्ट) द्वारा किये गए सिजेरियन प्रसव हेतु धनराशि का भुगतान, एफ0आर0यू0 के प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा मंत्र एप्लीकेशन पर उपलब्ध डाटा के सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में होने वाले अनुमानित व्यय हेतु एफ0एम0आर0 संख्या 12.1 में कुल धनराशि रु0 141.03 लाख (रूपये एक करोड़ इकतालीस लाख तीन हजार मात्र) जनपदों को निम्न फांट अनुसार सम्बंधित जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से आवंटित की जा रही है–

| S.No. | District | Funds allocated to the district (in Rs.) |
|---|---|---|
| 1 | Agra | 3,21,000 |
| 2 | Aligarh | 2,63,000 |
| 3 | Ambedkar Nagar | 1,67,000 |
| 4 | Amethi | 1,29,000 |
| 5 | Amroha | 1,30,000 |
| 6 | Auraiya | 97,000 |
| 7 | Ayodhya | 1,73,000 |
| 8 | Azamgarh | 3,20,000 |
| 9 | Bagpat | 92,000 |
| 10 | Bahraich | 2,42,000 |
| 11 | Ballia | 2,25,000 |
| 12 | Balrampur | 1,49,000 |
| 13 | Banda | 1,26,000 |
| 14 | BaraBanki | 2,27,000 |
| 15 | Bareilly | 3,19,000 |
| 16 | Basti | 1,70,000 |
| 17 | Bhadohi | 1,10,000 |
| 18 | Bijnor | 2,58,000 |
| 19 | Budaun | 2,20,000 |
| 20 | Bulandshahar | 2,48,000 |
| 21 | Chandauli | 1,36,000 |
| 22 | Chitrakoot | 69,000 |
| 23 | Deoria | 2,16,000 |
| 24 | Etah | 1,24,000 |
| 25 | Etawah | 1,12,000 |
| 26 | Farrukhabad | 1,33,000 |
| 27 | Fatehpur | 1,83,000 |
| 28 | Firozabad | 1,79,000 |
| 29 | Gautam Buddha Nagar | 1,22,000 |
| 30 | Ghaziabad | 2,54,000 |
| 31 | Ghazipur | 2,51,000 |
| 32 | Gonda | 2,38,000 |
| 33 | Gorakhpur | 3,12,000 |
| 34 | Hamirpur | 77,000 |
| 35 | Hapur | 95,000 |
| 36 | Hardoi | 2,86,000 |
| 37 | Hathras | 1,10,000 |
| 38 | Jalaun | 1,19,000 |

Scanned with OKEN Scanner

| S.No. | District | Funds allocated to the district (in Rs.) |
|---|---|---|
| 39 | Jaunpur | 3,11,000 |
| 40 | Jhansi | 1,45,000 |
| 41 | Kannauj | 1,16,000 |
| 42 | Kanpur Dehat | 1,25,000 |
| 43 | Kanpur Nagar | 3,41,000 |
| 44 | Kasganj | 1,01,000 |
| 45 | Kaushambi | 1,12,000 |
| 46 | Kushinagar | 2,46,000 |
| 47 | Lakhimpur Kheri | 2,80,000 |
| 48 | Lalitpur | 85,000 |
| 49 | Lucknow | 3,42,000 |
| 50 | Maharajganj | 1,85,000 |
| 51 | Mahoba | 62,000 |
| 52 | Mainpuri | 1,31,000 |
| 53 | Mathura | 1,81,000 |
| 54 | Maunathbhanjan | 1,56,000 |
| 55 | Meerut | 2,52,000 |
| 56 | Mirzapur | 1,74,000 |
| 57 | Moradabad | 2,23,000 |
| 58 | Muzaffarnagar | 1,98,000 |
| 59 | Pilibhit | 1,42,000 |
| 60 | Pratapgarh | 2,22,000 |
| 61 | Prayagraj | 4,22,000 |
| 62 | Rae Bareli | 2,02,000 |
| 63 | Rampur | 1,65,000 |
| 64 | Saharanpur | 2,47,000 |
| 65 | Sambhal | 1,57,000 |
| 66 | Sant Kabir Nagar | 1,19,000 |
| 67 | Shahjahanpur | 2,12,000 |
| 68 | Shamli | 97,000 |
| 69 | Shrawasti | 77,000 |
| 70 | Siddharth Nagar | 1,77,000 |
| 71 | Sitapur | 3,12,000 |
| 72 | Sonbhadra | 1,31,000 |
| 73 | Sultanpur | 1,68,000 |
| 74 | Unnav | 2,18,000 |
| 75 | Varanasi | 2,67,000 |
| | Total | 1,41,03,000 |

उपरोक्त के क्रम में पुनः अवगत कराना है कि धनराशि का आवंटन मात्र व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही मानकानुसार एवं नियमानुसार व्यय किया जाये। जनपदों को आवंटित धनराशि के उपयोग मे किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया,

(डा0 पिंकी जोवेल)
मिशन निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक–एन.एच.एम. / एस.पी.एम.यू. / एम.एच. / ऑनकॉल / 84डी / 2024–25 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, मातृ एवं शिशु कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
7. समस्त प्रमुख / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका / अधीक्षक, जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।
8. वित्त नियंत्रक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. समस्त महाप्रबंधक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को सूचनार्थ।
10. महाप्रबंधक एम0आई0एस0, एस0पी0एम0यू0, को upnhm की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
11. समस्त वरिष्ठ / वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उत्तर प्रदेश।
12. वरिष्ठ परियोजना निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, उ0प्र0।
13. समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
14. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य एवं जिला लेखा प्रबंधक एन0एच0एम0, उ0प्र0।

(डॉ0 रवि प्रकाश दीक्षित)
महाप्रबंधक, मातृ स्वा0

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
   उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

पत्रांक- एन.एच.एम. / एस.पी.एम.यू. / एम.एच. / ऑनकॉल / 84डी / 2023-24 / दिनांक .2023

विषय- वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश के चिन्हित एफ0आर0यू0 पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को ऑन-कॉल पर बुलाने की व्यवस्था एवं भुगतान सम्बन्धी दिशा-निर्देश।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश की चिन्हित प्रथम सन्दर्भन इकाइयों पर नियमित / संविदा स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ या EmoC एवं LSAS प्रशिक्षित चिकित्साधिकारी उपलब्ध न होने की स्थिति में ऑन-कॉल स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञों की व्यवस्था अनुमन्य की गयी है। यह सम्पूर्ण व्यवस्था जनपदों में अक्रियाशील एफ0आर0यू0 को क्रियाशील करने के साथ-साथ किसी अन्य क्रियाशील एफ0आर0यू0 जहां पर विशेषज्ञ की अनुपस्थिति / अनुपलब्धता होने पर सिजेरियन कराये जाने के लिये स्वीकृत की गयी है। यह व्यवस्था राजकीय (नियमित / संविदा) व निजी क्षेत्र में कार्यरत स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ के लिये अनुमन्य है। EmoC एवं LSAS प्रशिक्षित चिकित्साधिकारी को ऑन-कॉल पर बुलाना अनुमन्य नहीं है।

जनपद में राजकीय नियमित / संविदा सेवा के स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ को केवल एफ0आर0यू0 पर ही तैनात किया जाना है। इस हेतु स्वास्थ्य इकाइयों पर तैनात विशेषज्ञों की सूची बनाकर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उन्हें एफ0आर0यू0 पर ही समायोजित कर एफ0आर0यू0 को क्रियाशील कराया जाना है। ऑन-कॉल सेवा प्रदान करने में रुचि दिखाने वाले नियमित एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत स्त्री व प्रसूति रोग / निश्चेतक विशेषज्ञों (EmoC एवं LSAS को छोड़कर) की सूची उनके मोबाइल नम्बर के साथ बनाकर जिला स्वास्थ्य समिति में ऑन-कॉल विशेषज्ञ के रूप में अधिकृत कर लिया जाये। इस सूची को प्रत्येक एफ0आर0यू0 पर उपलब्ध कराते हुए एक प्रति राज्य स्तर पर प्रेषित की जाये।

स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ (राजकीय एवं निजी चिकित्सक) हेतु ऑन-कॉल व्यवस्था जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सन्दर्भन चिकित्सा इकाइयों पर लागू है।

**जनपद की एफ0आर0यू0 इकाइयों के लिये ऑन कॉल सुविधा निम्नवत है-**

a) जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालय पर सिजेरियन प्रसव का भार अत्यधिक होने के कारण मात्र ऑन-कॉल व्यवस्था से कार्य कराना सम्भव नहीं होगा। अतः जनपद में प्राथमिकता के आधार पर जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालय पर राजकीय नियमित अथवा संविदा विशेषज्ञों की व्यवस्था पूर्ण की जाये। जिला चिकित्सालयों पर कोई भी स्त्री व प्रसूति रोग एवं निश्चेतक विशेषज्ञ न होने की दशा में ग्रामीण क्षेत्रों से नियमित विशेषज्ञों को जनपद स्तरीय इकाई पर तैनात / संबद्ध किया जाना है। किन्तु जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालय में निर्बाध सिजेरियन प्रसव हेतु आवश्यकतानुसार ऑन-कॉल व्यवस्था का उपयोग किया जा सकता है।

b) एफ0आर0यू0 सी0एच0सी0 पर राजकीय नियमित / संविदा विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण टीम अपूर्ण होने की स्थिति में यह व्यवस्था की जानी है।

c) जिन एफ0आर0यू0 पर ई-मॉक टीम में कार्यरत एक-एक विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात है एवं उनमें से किसी एक के आकस्मिक अवकाश अथवा लम्बी छुट्टी (उपार्जित/मातृत्व/शिशु देखभाल/चिकित्सकीय अवकाश/बिना सूचना के गैर हाजिर) पर जाने के कारण टीम अधूरी हो के सम्बन्ध में जनपद स्तर को अवगत कराते हुए ऑन-कॉल सेवाओं का उपयोग किया जा सकता है।

d) ऑन-कॉल सुविधा वाले समस्त एफ0आर0यू0 द्वारा सिजेरियन का विवरण (ऑन-कॉल विशेषज्ञ का नाम, मोबाइल नम्बर, विशेषज्ञता, तैनाती का स्थान, सिजेरियन प्रसव की तिथि, महिला का नाम आदि) संलग्न प्रारूप पर अंकित किया जाना है।

e) उक्त Monthly line-list सूचना प्रत्येक माह एफ0आर0यू0 द्वारा जनपद मुख्यालय को प्रेषित की जानी है। यह monthly line-list की संकलित सूचना निर्धारित प्रारूप पर अगले माह की 05 तारीख तक राज्य स्तर पर महानिदेशक परिवार कल्याण की ई मेल mchjsy2022@gmail.com एवं एस0पी0एम0यू0 की ई- मेल gmmhup2019@gmail.com पर प्रेषित किया जाना है। (संलग्नक-01)

f) ऑन-कॉल विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य इकाई छोड़ने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना है कि लाभार्थी के वाइटल स्टेबल हो तथा उस समय स्वास्थ्य इकाई पर उपस्थित चिकित्सक को फॉलो अप हेतु लाभार्थी की स्थिति से अवगत करा दें।

g) एफ0आर0यू0 पर उपलब्ध चिकित्सकों द्वारा सिजेरियन प्रसव के पश्चात डिस्चार्ज तक प्रसूता का फॉलो अप भलीभांति किया जाना है।

h) ऑन-कॉल पर आने वाले स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा सिजेरियन प्रसव के उपरान्त 01 फॉलो अप विजिट कर प्रसूता की आवश्यक जांच किया जाना अनिवार्य है।

i) यदि किसी इकाई पर 01 विजिट में ऑन-कॉल विशेषज्ञ एक से अधिक सिजेरियन प्रसव कराते है, तो उन्हें प्रति सिजेरियन धनराशि देय होगी परन्तु यात्रा भत्ता एक ही देय होगा।

j) किसी भी स्थिति में यह सुविधा चिन्हित एफ0आर0यू0 की सूची से बाहर की इकाइयों में अनुमन्य नहीं होगी।

1. **राजकीय नियमित सेवा क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों को ऑन-कॉल पर बुलाने की व्यवस्था-** राजकीय नियमित सेवा में कार्यरत विशेषज्ञों को निम्नानुसार ऑन-कॉल पर कार्य करना अनुमन्य है-
   - मण्डल/जनपद स्तर एवं जिला चिकित्सालय/संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सकीय/प्रशासनिक पदों (अपर निदेशक, मुख्य चिकित्साधिकारी, एस0आई0सी0/सी0एम0एस0, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डी0एल0ओ0, डी0टी0ओ0, संयुक्त निदेशक, आदि) पर तैनात विशेषज्ञों को संबंधित विधा के विशेषज्ञ की अनुपलब्धता पर एफ0आर0यू0 सी0एच0सी0/जिला स्तरीय चिकित्सालयों में सिजेरियन प्रसव हेतु ऑन-कॉल पर बुलाया जा सकता है।
   - ग्रामीण क्षेत्र में तैनात स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतक विशेषज्ञ को किसी अन्य ग्रामीण एफ0आर0यू0 सी0एच0सी0/एस0डी0एच0/PPC पर ऑन-कॉल अनुमन्य है। ऑन-कॉल अनुमन्य करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना होगा कि वे अपने तैनाती स्थल पर भी सिजेरियन प्रसव करा रहे हों।
   - विशेष परिस्थितियों में बिन्दु संख्या 1c) में वर्णित की स्तिथि मे जिला स्तरीय चिकित्सालय पर तैनात विशेषज्ञों को ग्रामीण एफ0आर0यू0 इकाइयों तथा ग्रामीण एफ0आर0यू0 पर तैनात विशेषज्ञों को जिला स्तरीय चिकित्सालयों पर सिजेरियन प्रसव हेतु ऑन-कॉल पर बुलाया जा सकता है।
2. **निजी क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों को ऑन-कॉल पर बुलाने की व्यवस्था-** जनपद पर चिन्हित एफ0आर0यू0 इकाईयों पर नियमित अथवा संविदा विशेषज्ञों की उपलब्धता न होने पर निजी क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ (निश्चेतक या स्त्री व प्रसूति रोग) को सिजेरियन प्रसव हेतु कॉल करने की व्यवस्था निम्नानुसार है-

Scanned with OKEN Scanner

- इस कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रचार–प्रसार के माध्यम से जनपद की समस्त राजकीय एफ0आर0यू0 स्वास्थ्य इकाईयों में ऑन–कॉल पर कार्य करने के इच्छुक विशेषज्ञों से सहमति पत्र प्राप्त कर उन्हें जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा इम्पैनल करा लिया जाये। इस पैनल में चयनित विशेषज्ञों को एफ0आर0यू0 इकाईयों में से एक या एक से अधिक इकाई का चयन करने का अवसर दिया जा सकता है। यह सूची जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध कराने के पश्चात सभी सम्बन्धित इकाईयों पर इन विशेषज्ञों को ऑन कॉल के आधार पर बुलाने हेतु प्रदर्शित भी करा दी जाये।
- ऑनकॉल चिकित्सकों की सेवायें प्राप्त करने के पश्चात प्रति सीजेरियन की दर से भुगतान ससमय किया जाये।

3. **स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञों की ऑन–कॉल पर उपलब्धता न होने की स्थिति में शल्य चिकित्सक (एम0एस0, जनरल सर्जरी) को ऑन–कॉल पर बुलाये जाने की व्यवस्था–** जनपद में नियमित अथवा संविदा स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ उपलब्ध न होने की स्थिति में शल्य चिकित्सक (एम0एस0–जनरल सर्जरी) जो भारत सरकार के दिशा–निर्देशानुसार सीजेरियन प्रसव में प्रशिक्षित हों, को सूचीबद्ध कर उनकी सेवाए ली जा सकती हैं।
4. वित्तीय व्यवस्था–

- ऑन–कॉल का उपयोग केवल सिजेरियन प्रसव के लिए ही किया जायेगा। 01 सीजेरियन प्रसव के लिये 01 ही विशेषज्ञ (निश्चेतक या स्त्री व प्रसूति रोग) की ऑन–कॉल अनुमन्य होगी, जिससे नियमित/EmOC टीम के पूर्णकालिक विशेषज्ञ द्वारा सिजेरियन केस की प्रसवोपरान्त देखभाल की जा सके।
- ऑन कॉल विशेषज्ञ हेतु honorarium, यात्रा भत्ता एवं 01 फॉलो–अप विजिट की वित्तीय व्यवस्था निम्न तालिकानुसार है–

| S.n. | Sector | Type of Specialist | Honorarium (in Rs) | Traval allowance (in Rs) | 01 Follow-up visit (in Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Government sector | Regular gynaecologist | 2000 | 1000 | 1500 |
| 2 | | Regular anaesthetist | 2000 | 1000 | Not applicable |
| 3 | | Contractual gynaecologist | 2000 | 1000 | 1500 |
| 4 | | Contractual anaesthetist | 2000 | 1000 | Not applicable |
| 5 | Private sector | Private gynaecologist | 2000 | 1000 | 1500 |
| 6 | | Private anaesthetist | 2000 | 1000 | Not applicable |

- ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या स्त्री व प्रसूति रोग) हेतु honorarium रू0 2000/– प्रति केस की दर से अनुमन्य होगा। इस हेतु **एफ0एम0आर0 कोड–RCH.1.12.OOC.1** के अन्तर्गत **रू0 74.82 लाख** की धनराशि आवंटित की जा रही हैं।
- ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या गायनेकॉलजिस्ट) को ग्रामीण इकाईयों पर कॉल पर बुलाने हेतु यात्रा भत्ता रू0 1000/– की दर से अनुमन्य होगा। इस हेतु **एफ0एम0आर0 कोड–RCH.1.12.OOC.2** के अन्तर्गत **रू0 27.83 लाख** की धनराशि आवंटित की जा रही हैं।
- ऑन–कॉल स्त्री रोग विशेषज्ञों को 01 follow-up visit हेतु भुगतान रू0 1500/– (रू0 1000/– यात्रा भत्ता + रू0 500/–per visit) की दर से अनुमन्य होगा। इस हेतु **एफ0एम0आर0 कोड–RCH.1.12.OOC.3** के अन्तर्गत **रू0 27.83 लाख** धनराशि सलग्न फाट के अनुसार आवंटित की जा रही हैं।
- इस प्रकार **एफ0एम0आर0 संख्या RCH.1.12** में कुल धनराशि रू0 130.48 लाख जनपदों को निम्न फाट अनुसार आवंटित की जा रही है–

Scanned with OKEN Scanner

| S.no | District | FRUs | No. of LSCS by govt/pvt. Gynae & Anaesth. by on call visits | FAMS code- RCH.1.12.OOC.1 Budget for LSCS by govt/pvt Gynae & Anaesth. by on-call @Rs.2000/- per LSCS (in Rs) | FAMS code- RCH.1.12.OOC.2 Budget for TA to govt/pvt. Gynae & Anaesth by on-call @Rs.1000/- per LSCS (in Rs) | FAMS code RCH.1.12.OOC.3 Budget for Post-Op Follow-up visit by on-Call Gynae @Rs 1500/- for 01 Follow-up visit (in Rs) | Total budget allocation to districts for on-call visits (in Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra | 6 | 70 | 1,40,000 | 52,000 | 52,500 | 2,44,500 |
| 2 | Aligarh | 8 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 3 | Ambedkar Nagar | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 4 | Amethi | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 5 | Auraiya | 3 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 6 | Azamgarh | 9 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 7 | Baghpat | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 8 | Bahraich | 8 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 9 | Ballia | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 10 | Balrampur | 5 | 195 | 3,90,000 | 1,46,000 | 1,47,000 | 6,83,000 |
| 11 | Banda | 5 | 16 | 32,000 | 12,000 | 12,000 | 56,000 |
| 12 | Barabanki | 8 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 13 | Bareilly | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 14 | Basti | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 15 | Bijnor | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 16 | Budaun | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 17 | Bulandshahar | 8 | 33 | 66,000 | 24,000 | 25,500 | 1,15,500 |
| 18 | Chandauli | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 19 | Chitrakoot | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 20 | Deoria | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 21 | Etah | 3 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 22 | Etawah | 5 | 98 | 1,96,000 | 73,000 | 73,500 | 3,42,500 |
| 23 | Faizabad (Ayodhya) | 6 | 10 | 20,000 | 7,000 | 7,500 | 34,500 |
| 24 | Farukkhabad | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 25 | Fatehpur | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 26 | Firozabad | 5 | 98 | 1,96,000 | 73,000 | 73,500 | 3,42,500 |
| 27 | GB Nagar | 5 | 30 | 60,000 | 22,000 | 22,500 | 1,04,500 |
| 28 | Ghaziabad | 4 | 130 | 2,60,000 | 97,000 | 97,500 | 4,54,500 |
| 29 | Ghazipur | 7 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 30 | Gonda | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 31 | Gorakhpur | 8 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 32 | Hamirpur | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 33 | Hapur | 3 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 34 | Hardoi | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 35 | Hathras | 4 | 170 | 3,40,000 | 1,27,000 | 1,27,500 | 5,94,500 |
| 36 | Jalaun | 5 | 40 | 80,000 | 30,000 | 30,000 | 1,40,000 |
| 37 | Jaunpur | 6 | 195 | 3,90,000 | 1,46,000 | 1,47,000 | 6,83,000 |
| 38 | Jhansi | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 39 | JP Nagar | 5 | 117 | 2,34,000 | 87,000 | 88,500 | 4,09,500 |
| 40 | Kannauj | 3 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 41 | Kanpur Dehat | 6 | 20 | 40,000 | 15,000 | 15,000 | 70,000 |
| 42 | Kanpur Nagar | 11 | 20 | 40,000 | 15,000 | 15,000 | 70,000 |
| 43 | Kasganj | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 44 | Kaushambi | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 45 | Kheri | 7 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 46 | Kushi Nagar | 7 | 65 | 1,30,000 | 48,000 | 49,500 | 2,27,500 |
| 47 | Lalitpur | 4 | 267 | 5,34,000 | 2,00,000 | 2,01,000 | 9,35,000 |
| 48 | Lucknow | 24 | 390 | 7,80,000 | 2,92,000 | 2,92,500 | 13,64,500 |
| 49 | Maharajganj | 5 | 55 | 1,10,000 | 41,000 | 42,000 | 1,92,000 |
| 50 | Mahoba | 3 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 51 | Mainpuri | 6 | 260 | 5,20,000 | 1,95,000 | 1,95,000 | 9,10,000 |
| 52 | Mathura | 6 | 163 | 3,26,000 | 1,22,000 | 1,23,000 | 5,71,000 |
| 53 | Mau | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 54 | Meerut | 4 | 20 | 40,000 | 15,000 | 15,000 | 70,000 |
| 55 | Mirzapur | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 56 | Moradabad | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 57 | Muzaffarnagar | 4 | 163 | 3,26,000 | 1,22,000 | 1,23,000 | 5,71,000 |
| 58 | Pilibhit | 5 | 325 | 6,50,000 | 2,43,000 | 2,44,500 | 11,37,500 |
| 59 | Pratapgarh | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 60 | Prayagraj | 10 | 260 | 5,20,000 | 1,95,000 | 1,95,000 | 9,10,000 |
| 61 | Raebareli | 6 | 33 | 66,000 | 24,000 | 25,500 | 1,15,500 |
| 62 | Rampur | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 63 | Saharanpur | 5 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 64 | Sambhal | 4 | 130 | 2,60,000 | 97,000 | 97,500 | 4,54,500 |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 5 | 130 | 2,60,000 | 97,000 | 97,500 | 4,54,500 |

Scanned with OKEN Scanner

| S.no | District | FRUs | No. of LSCS by govt/pvt Gynae & Anaesth. by on call visits | FAMS code-RCH.1.12.OOC.1<br>Budget for LSCS by govt/pvt Gynae & Anaesth. by on-call @Rs 2000/- per LSCS (in Rs) | FAMS code-RCH.1.12.OOC.2<br>Budget for TA to govt/pvt. Gynae & Anaesth by on-call @Rs 1000/- per LSCS (in Rs) | FAMS code RCH.1.12.OOC.3<br>Budget for Post-Op Follow-up visit by on-Call Gynae @Rs 1500/- for 01 Follow-up visit (in Rs) | Total budget allocation to districts for on-call visits (in Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | Sant Ravidas Nagar | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 67 | Shahjahanpur | 5 | 39 | 78,000 | 29,000 | 30,000 | 1,37,000 |
| 68 | Shamali | 3 | 10 | 20,000 | 7,000 | 7,500 | 34,500 |
| 69 | Shravasti | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 70 | Siddharth Nagar | 6 | 50 | 1,00,000 | 37,000 | 37,500 | 1,74,500 |
| 71 | Sitapur | 7 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 72 | Sonbhadra | 4 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 73 | Sultanpur | 6 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 74 | Unnao | 7 | 3 | 6,000 | 2,000 | 1,500 | 9,500 |
| 75 | Varanasi | 9 | 10 | 20,000 | 7,000 | 7,500 | 34,500 |
| | Total | 421 | 3,741 | 74,82,000 | 27,83,000 | 27,82,500 | 1,30,47,500 |

5. अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंग–

- जनपद स्तर पर इस योजना के कियान्वयन के लिए जिला स्वास्थ्य समिति उत्तरदायी होगी। इस हेतु जनपद स्तर पर विशेष रणनीति विकसित की जाये।
- प्रत्येक मुख्य चिकित्साधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे अपने जनपद की सभी प्रस्तावित एफ0आर0यू0 को क्रियाशील किये जाने के लिये स्वीकृत "विशेषज्ञों को ऑन कॉल पर बुलाने की व्यवस्था" योजना की जानकारी इकाई प्रभारियों तक अवश्य पहुँचायें।
- प्रत्येक प्रभारी चिकित्साधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे अपनी चिकित्सा इकाई पर आने वाले ऑन–कॉल विशेषज्ञों की सूची प्रसव कक्ष में प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में उपस्थित चिकित्साधिकारी/स्टॉफ नर्स द्वारा सम्बन्धित को आवश्यकतानुसार बुलाया जा सके।
- ऑन–कॉल विशेषज्ञों (निश्चेतक या गायनेकॉलजिस्ट) द्वारा किये गए सिजेरियन प्रसव हेतु धनराशि का भुगतान, एफ0आर0यू0 के प्रभारी चिकित्साधिकारी के सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा।
- एफ0आर0यू0 के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षिका/प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा ऑन–कॉल विशेषज्ञों का भुगतान ससमय सुनिश्चित किया जायेगा एवं उक्त की नियमित रूप से से समीक्षा भी की जायेगी।
- जनपद स्तर पर ऑन–कॉल विशेषज्ञों को किये गये भुगतान का माहवार अनुश्रवण किया जायेगा। इस हेतु अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर0सी0एच0, डी0एम0एच0सी0, डी0पी0एम0 उत्तरदायी होंगे।
- जनपद द्वारा प्रत्येक माह ऑन–कॉल विशेषज्ञों को किये गये भुगतान की मासिक सूचना संलग्न रिपोर्टिंग प्रपत्र पर अध्यक्ष जिला कार्यकारी समिति को अवलोकित करायी जायेगी। नियमित रूप से राज्य स्तर पर महानिदेशक परिवार कल्याण की ई– मेल mchjsy2022@gmail.com एवं एस0पी0एम0यू0 की ई– मेल gmmhup2019@gmail.com पर प्रेषित की जायेगी। (संलग्नक–02)
- ऑन–कॉल हेतु धनराशि मासिक आधार पर देना सुनिश्चित किया जाए, इस धनराशि का भुगतान एफ0आर0यू0 के प्रभारी द्वारा कराये गये सिजेरियन प्रसवों का सत्यापन करने के पश्चात ही किया जाये।
- विशेषज्ञों के खाते में भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से स्थानान्तरित किया जायेगा। किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा।
- जिला लेखा प्रबंधक यह सुनिश्चित करें कि जनपद की समस्त अधीनस्थ इकाइयों को ससमय वित्तीय आहरण सीमा (Limit) जारी की जाये।

Scanned with OKEN Scanner

- धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नहीं करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में ऑन-कॉल हेतु आवंटित धनराशि में से 80 प्रतिशत धनराशि के व्यय उपरान्त ही जनपदों द्वारा अतिरिक्त धनराशि हेतु माँग पत्र राज्य स्तर पर प्रेषित किया जायेगा। अतिरिक्त धनराशि का आवंटन जनपद के Financial management report की समीक्षा उपरान्त ही किया जायेगा।
- व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियाँ, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्त मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेट्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
- आवंटित धनराशि का व्यय शासकीय एवं विभागीय नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए किया जायेगा।
- उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक
तद्दिनांक।

पत्रसंख्या-एन.एच.एम./एस.पी.एम.यू./एम.एच./ऑनकॉल/84डी/2023-24/
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0, शासन, लखनऊ
2. महानिदेशक-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ, उ0प्र0।
3. महानिदेशक-परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।
4. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, उ0प्र0।
6. निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, उ0प्र0।
7. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
8. समस्त प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/अधीक्षक, जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।
9. वित्त नियंत्रक/समस्त महाप्रबंधक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को सूचनार्थ।
10. महाप्रबंधक, एम0आई0एस0, एन0एच0एम0 को upnhm की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
11. विधिक परामर्शदाता, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
12. समस्त मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
13. समस्त वरिष्ठ/वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उ0प्र0।
14. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला परामर्शदाता मातृ स्वा0-एन0एच0एम0, उ0प्र0।
15. गार्ड फाईल।

(डॉ0 रवि प्रकाश दीक्षित)
महाप्रबन्धक मातृ स्वा0

Scanned with OKEN Scanner

(संलग्नक—01)

## Monthly Line list report for On Call Specialists at FRUs -FY 2023-24

Month of reporting-

| S.n | District | Name of FRUs | Name of on-call Specialist | Contact no. of on-call specialist | Type of Specialist (Gynaecologist=1 or Anaesthetist=2) | If Govt employee (Regular=1 , Contractual=2) or Private=3 | Place of posting of on-call Specialist (if govt employee) | Date of LSCS performed | Name of women on which LSCS performed | Date of 01 post-op follow-up visit, if on-call specialist is Gynaecologists | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

Annexure - 1.2

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0वाई0 / 8–9 / 2024–25 / 1675–2 दिनांक 04.06.2024

विषय: वित्तीय वर्ष 2024–25 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "जननी सुरक्षा योजना" के संचालन हेतु जनपदों को धनराशि का आवंटन एवं दिशा–निर्देश।

महोदया / महोदय,

आप अवगत हैं कि जननी सुरक्षा योजना के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्र संख्या एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0वाई0 / 8–9 / 2023–24 / 1444–2 दिनांक 22.05.2023 एवं पत्र संख्या–एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0वाई0 / 8–9 / 2023–24 / 9688–15 दिनांक 13.03.2024 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये थे। वित्तीय वर्ष 2024–25 में जननी सुरक्षा योजना के संचालन हेतु उक्त दिशा निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्न तालिकानुसार गतिविधिवार तथा संलग्न जनपदवार फॉट के अनुसार धनराशि आवंटित की जा रही हैः–

| क्रम सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 / फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण क्षेत्र के प्रसवों हेतु भुगतान रू0 1400 की दर से 90% धनराशि आवंटित | 3.1 | 25,00,000 | 315,00,00,000 |
| 2 | शहरी क्षेत्र के प्रसवों हेतु भुगतान रू0 1000 की दर से | 3.2 | 3,00,000 | 30,00,00,000 |
| 3 | बी0पी0एल0 श्रेणी के घरेलू प्रसव हेतु भुगतान रू0 500 की दर से | 3.3 | 615 | 3,07,500 |
| 4 | आशाओं को प्रोत्साहन धनराशि रू0 600 की दर से | 3.4 | 23,80,000 | 142,80,00,000 |
| 5 | जनपद स्तरीय प्रशासनिक मद | 3.5 | 4% | 19,51,32,300 |
| | जनपदों को अवमुक्त की जाने वाली कुल धनराशि | | | **507,34,39,800** |

आशाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करने व सहयोग प्रदान किये जाने के लिए निम्नानुसार प्रोत्साहन धनराशि दिये जाने का प्रावधान हैः–

- ग्रामीण क्षेत्र के प्रसवों हेतु आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि रू0 600 / –की दर से (गर्भवती महिला का मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप, एम0सी0पी0 कार्ड पर आर0सी0एच0 नम्बर हेतु रू0–300 / – प्रति लाभार्थी एवं राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये रू0–300 / – प्रति लाभार्थी)।
- शहरी क्षेत्र के प्रसवों हेतु आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि रू0 400 / –की दर से (गर्भवती महिला का मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप, एम0सी0पी0 कार्ड पर आर0सी0एच0 नम्बर हेतु रू0–200 / – प्रति लाभार्थी एवं राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये रू0–200 / – प्रति लाभार्थी)।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में जननी सुरक्षा योजना हेतु कुल रू0 507,34,39,800 / – (रू0 पॉच सौ सात करोड़ चौंतीस लाख उन्तालीस हजार आठ सौ मात्र) की संलग्न जनपदवार फांट के अनुसार धनराशि जनपदों को आवंटित की जा रही है। जनपदों द्वारा की गयी मांग एवं आवश्यकतानुसार शेष धनराशि जनपदों की नौ माह की प्रगति एवं जनपदों द्वारा व्यय की गयी धनराशि की समीक्षा के आधार पर आवंटित की जायेगी। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ससमय व पूर्ण भुगतान किया जाए एवं "प्रपत्र 18" पर जे0एस0वाई0 की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रत्येक त्रैमास की समाप्ति के बाद 05 कार्यदिवसों के अन्दर राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

साथ ही व्यय से सम्बन्धित समस्त बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्त मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अतः धनराशि का आवंटन मात्र व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही मानकानुसार एवं नियमानुसार व्यय किया जाय।

उक्त के कम में निर्देशित किया जाता है कि आवंटित धनराशि एवं दिशा–निर्देशानुसार कार्यक्रम का सम्पादन कराना सुनिश्चित करें, आवंटित धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिये जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया,

(डा0 पिंकी जोवल)

मिशन निदेशक

पत्रसंख्या–एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0वाई0 / 8–9 / 2024–25 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2 महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
3 महानिदेशक, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4 महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5 निदेशक, मातृ एवं शिशु कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6 समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
7 समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
8 समस्त प्रमुख / मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका / अधीक्षक, जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।
9 वित्त नियन्त्रक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
10 समस्त महाप्रबंधक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को सूचनार्थ।
11 महाप्रबंधक एम0आई0एस0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को upnhm की बेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
12 समस्त वरिष्ठ / वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उत्तर प्रदेश।
13 समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
14 समस्त जिला कार्यकम प्रबंधक, जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य एवं जिला लेखा प्रबंधक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
15 विधि परामर्शदाता एस0पी0एम0यू0–एन0एच0एम0 को इस आशय से प्रेषित कि इससे सम्बन्धित होने वाले वादों में संज्ञान लेने हेतु।
16 गार्ड फाईल।

(डा0 रवि प्रकाश दीक्षित)

महाप्रबंधक, मातृ स्वास्थ्य

Annexure-I

## JSY:Janani Suraksha Yojana DHAP sheet for year 2024-25

| o. | District | Physical Targets for Budgetary allocation | | | | JSY Budget Sheet 2024-25 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 3.3 | 3.1 | 3.2 | 3.4 | 3.5 | Total JSY |
| | | Home Deliveries | Rural Deliveries | Urban Deliveries | Incentives to ASHA | Home deliveries | Rural deliveries | Urban deliveries | Incentives to ASHA | Administrative Expenses 4% | |
| 1 | Agra | 12 | 42,000 | 14,000 | 47,600 | 6,000 | 52,920,000 | 14,000,000 | 28,560,000 | 3,819,440 | 99,305,440 |
| 2 | Aligarh | 12 | 45,000 | 14,000 | 50,150 | 6,000 | 56,700,000 | 14,000,000 | 30,090,000 | 4,031,840 | 104,827,840 |
| 3 | Ambedkar Nagar | 7 | 25,000 | 1,000 | 22,100 | 3,500 | 31,500,000 | 1,000,000 | 13,260,000 | 1,830,540 | 47,594,040 |
| 4 | Amethi | 7 | 30,000 | 1,000 | 26,350 | 3,500 | 37,800,000 | 1,000,000 | 15,810,000 | 2,184,540 | 56,798,040 |
| 5 | Auraiya | 7 | 21,000 | 1,000 | 18,700 | 3,500 | 26,460,000 | 1,000,000 | 11,220,000 | 1,547,340 | 40,230,840 |
| 6 | Azamgarh | 12 | 45,000 | 14,000 | 50,150 | 6,000 | 56,700,000 | 14,000,000 | 30,090,000 | 4,031,840 | 104,827,840 |
| 7 | Baghpat | 7 | 15,000 | 2,000 | 14,450 | 3,500 | 18,900,000 | 2,000,000 | 8,670,000 | 1,182,940 | 30,756,440 |
| 8 | Bahraich | 7 | 76,000 | 2,000 | 66,300 | 3,500 | 95,760,000 | 2,000,000 | 39,780,000 | 5,501,740 | 143,045,240 |
| 9 | Ballia | 7 | 41,000 | 1,000 | 35,700 | 3,500 | 51,660,000 | 1,000,000 | 21,420,000 | 2,963,340 | 77,046,840 |
| 10 | Balrampur | 7 | 41,000 | 1,000 | 35,700 | 3,500 | 51,660,000 | 1,000,000 | 21,420,000 | 2,963,340 | 77,046,840 |
| 11 | Banda | 7 | 39,000 | 3,000 | 35,700 | 3,500 | 49,140,000 | 3,000,000 | 21,420,000 | 2,942,540 | 76,506,040 |
| 12 | Barabanki | 7 | 49,000 | 2,000 | 43,350 | 3,500 | 61,740,000 | 2,000,000 | 26,010,000 | 3,590,140 | 93,343,640 |
| 13 | Bareilly | 12 | 38,000 | 5,000 | 36,550 | 6,000 | 47,880,000 | 5,000,000 | 21,930,000 | 2,992,640 | 77,808,640 |
| 14 | Basti | 12 | 34,000 | 2,000 | 30,600 | 6,000 | 42,840,000 | 2,000,000 | 18,360,000 | 2,528,240 | 65,734,240 |
| 15 | Bijnor | 7 | 23,000 | 2,000 | 21,250 | 3,500 | 28,980,000 | 2,000,000 | 12,750,000 | 1,749,340 | 45,482,840 |
| 16 | Budaun | 7 | 56,000 | 4,000 | 51,000 | 3,500 | 70,560,000 | 4,000,000 | 30,600,000 | 4,206,540 | 109,370,040 |
| 17 | Bulandshahar | 7 | 35,000 | 6,000 | 34,850 | 3,500 | 44,100,000 | 6,000,000 | 20,910,000 | 2,840,540 | 73,854,040 |
| 18 | Chandauli | 7 | 31,000 | 1,000 | 27,200 | 3,500 | 39,060,000 | 1,000,000 | 16,320,000 | 2,255,340 | 58,638,840 |
| 19 | Chitrakoot | 12 | 24,000 | 1,000 | 21,250 | 6,000 | 30,240,000 | 1,000,000 | 12,750,000 | 1,759,840 | 45,755,840 |
| 20 | Deoria | 7 | 42,000 | 1,000 | 36,550 | 3,500 | 52,920,000 | 1,000,000 | 21,930,000 | 3,034,140 | 78,887,640 |
| 21 | Etah | 7 | 24,000 | 1,000 | 21,250 | 3,500 | 30,240,000 | 1,000,000 | 12,750,000 | 1,759,740 | 45,753,240 |
| 22 | Etawah | 7 | 26,000 | 4,000 | 25,500 | 3,500 | 32,760,000 | 4,000,000 | 15,300,000 | 2,082,540 | 54,146,040 |
| 23 | Faizabad (AYODHYA) | 12 | 29,000 | 5,000 | 28,900 | 6,000 | 36,540,000 | 5,000,000 | 17,340,000 | 2,355,440 | 61,241,440 |
| 24 | Farukkhabad | 7 | 26,000 | 2,000 | 23,800 | 3,500 | 32,760,000 | 2,000,000 | 14,280,000 | 1,961,740 | 51,005,240 |
| 25 | Fatehpur | 7 | 39,000 | 3,000 | 35,700 | 3,500 | 49,140,000 | 3,000,000 | 21,420,000 | 2,942,540 | 76,506,040 |
| 26 | Firozabad | 7 | 28,000 | 8,000 | 30,600 | 3,500 | 35,280,000 | 8,000,000 | 18,360,000 | 2,465,740 | 64,109,240 |
| 27 | Gautam Buddha Nagar | 7 | 17,000 | 8,000 | 21,250 | 3,500 | 21,420,000 | 8,000,000 | 12,750,000 | 1,686,940 | 43,860,440 |
| 28 | Ghaziabad | 7 | 10,000 | 12,000 | 18,700 | 3,500 | 12,600,000 | 12,000,000 | 11,220,000 | 1,432,940 | 37,256,440 |
| 29 | Ghazipur | 7 | 47,000 | 1,000 | 40,800 | 3,500 | 59,220,000 | 1,000,000 | 24,480,000 | 3,388,140 | 88,091,640 |
| 30 | Gonda | 12 | 47,000 | 2,000 | 41,650 | 6,000 | 59,220,000 | 2,000,000 | 24,990,000 | 3,448,640 | 89,664,640 |
| 31 | Gorakhpur | 12 | 49,000 | 6,000 | 46,750 | 6,000 | 61,740,000 | 6,000,000 | 28,050,000 | 3,831,840 | 99,627,840 |

## JSY:Janani Suraksha Yojana DHAP sheet for year 2024-25

| o. | District | Physical Targets for Budgetary allocation | | | | JSY Budget Sheet 2024-25 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Home Deliveries | Rural Deliveries | Urban Deliveries | Incentives to ASHA | 3.3 Home deliveries | 3.1 Rural deliveries | 3.2 Urban deliveries | 3.4 Incentives to ASHA | 3.5 Administrative Expenses 4% | Total JSY |
| 32 | Hamirpur | 7 | 22,000 | 2,000 | 20,400 | 3,500 | 27,720,000 | 2,000,000 | 12,240,000 | 1,678,540 | 43,642,040 |
| 33 | Hapur | 7 | 12,000 | 2,000 | 11,900 | 3,500 | 15,120,000 | 2,000,000 | 7,140,000 | 970,540 | 25,234,040 |
| 34 | Hardoi | 7 | 58,000 | 2,000 | 51,000 | 3,500 | 73,080,000 | 2,000,000 | 30,600,000 | 4,227,340 | 109,910,840 |
| 35 | Hathras | 7 | 24,000 | 2,000 | 22,100 | 3,500 | 30,240,000 | 2,000,000 | 13,260,000 | 1,820,140 | 47,323,640 |
| 36 | Jalaun | 7 | 21,000 | 4,000 | 21,250 | 3,500 | 26,460,000 | 4,000,000 | 12,750,000 | 1,728,540 | 44,942,040 |
| 37 | Jaunpur | 7 | 44,000 | 2,000 | 39,100 | 3,500 | 55,440,000 | 2,000,000 | 23,460,000 | 3,236,140 | 84,139,640 |
| 38 | **Jhansi** | 12 | 21,000 | 6,000 | 22,950 | 6,000 | 26,460,000 | 6,000,000 | 13,770,000 | 1,849,440 | 48,085,440 |
| 39 | NAGAR Amroha | 7 | 16,000 | 2,000 | 15,300 | 3,500 | 20,160,000 | 2,000,000 | 9,180,000 | 1,253,740 | 32,597,240 |
| 40 | Kannauj | 7 | 27,000 | 2,000 | 24,650 | 3,500 | 34,020,000 | 2,000,000 | 14,790,000 | 2,032,540 | 52,846,040 |
| 41 | Kanpur Dehat | 7 | 24,000 | 2,000 | 22,100 | 3,500 | 30,240,000 | 2,000,000 | 13,260,000 | 1,820,140 | 47,323,640 |
| 42 | **Kanpur Nagar** | 12 | 27,000 | 14,000 | 34,850 | 6,000 | 34,020,000 | 14,000,000 | 20,910,000 | 2,757,440 | 71,693,440 |
| 43 | Kasganj | 7 | 24,000 | 2,000 | 22,100 | 3,500 | 30,240,000 | 2,000,000 | 13,260,000 | 1,820,140 | 47,323,640 |
| 44 | Kaushambi | 7 | 33,000 | 2,000 | 29,750 | 3,500 | 41,580,000 | 2,000,000 | 17,850,000 | 2,457,340 | 63,890,840 |
| 45 | Kheri (Lakhimpur Kheri ) | 7 | 64,000 | 3,000 | 56,950 | 3,500 | 80,640,000 | 3,000,000 | 34,170,000 | 4,712,540 | 122,526,040 |
| 46 | Kushi Nagar | 7 | 48,000 | 2,000 | 42,500 | 3,500 | 60,480,000 | 2,000,000 | 25,500,000 | 3,519,340 | 91,502,840 |
| 47 | Lalitpur | 7 | 26,000 | 2,000 | 23,800 | 3,500 | 32,760,000 | 2,000,000 | 14,280,000 | 1,961,740 | 51,005,240 |
| 48 | **Lucknow** | 12 | 24,000 | 33,000 | 48,450 | 6,000 | 30,240,000 | 33,000,000 | 29,070,000 | 3,692,640 | 96,008,640 |
| 49 | Maharajganj | 7 | 38,000 | 1,000 | 33,150 | 3,500 | 47,880,000 | 1,000,000 | 19,890,000 | 2,750,940 | 71,524,440 |
| 50 | Mahoba | 7 | 17,000 | 3,000 | 17,000 | 3,500 | 21,420,000 | 3,000,000 | 10,200,000 | 1,384,940 | 36,008,440 |
| 51 | Mainpuri | 7 | 25,000 | 2,000 | 22,950 | 3,500 | 31,500,000 | 2,000,000 | 13,770,000 | 1,890,940 | 49,164,440 |
| 52 | Mathura | 7 | 28,000 | 3,000 | 26,350 | 3,500 | 35,280,000 | 3,000,000 | 15,810,000 | 2,163,740 | 56,257,240 |
| 53 | MAU | 7 | 28,000 | 1,000 | 24,650 | 3,500 | 35,280,000 | 1,000,000 | 14,790,000 | 2,042,940 | 53,116,440 |
| 54 | **Meerut** | 12 | 20,000 | 9,000 | 24,650 | 6,000 | 25,200,000 | 9,000,000 | 14,790,000 | 1,959,840 | 50,955,840 |
| 55 | **Mirzapur** | 12 | 43,000 | 2,000 | 38,250 | 6,000 | 54,180,000 | 2,000,000 | 22,950,000 | 3,165,440 | 82,301,440 |
| 56 | **Moradabad** | 12 | 17,000 | 4,000 | 17,850 | 6,000 | 21,420,000 | 4,000,000 | 10,710,000 | 1,445,440 | 37,581,440 |
| 57 | Muzaffar Nagar | 7 | 30,000 | 4,000 | 28,900 | 3,500 | 37,800,000 | 4,000,000 | 17,340,000 | 2,365,740 | 61,509,240 |
| 58 | Pilibhit | 7 | 26,000 | 1,000 | 22,950 | 3,500 | 32,760,000 | 1,000,000 | 13,770,000 | 1,901,340 | 49,434,840 |
| 59 | Pratapgarh | 7 | 39,000 | 2,000 | 34,850 | 3,500 | 49,140,000 | 2,000,000 | 20,910,000 | 2,882,140 | 74,935,640 |
| 60 | **PRAYAGRAJ Allahabad** | 12 | 67,000 | 4,000 | 60,350 | 6,000 | 84,420,000 | 4,000,000 | 36,210,000 | 4,985,440 | 129,621,440 |
| 61 | Raebareli | 7 | 43,000 | 2,000 | 38,250 | 3,500 | 54,180,000 | 2,000,000 | 22,950,000 | 3,165,340 | 82,298,840 |
| 62 | Rampur | 7 | 19,000 | 2,000 | 17,850 | 3,500 | 23,940,000 | 2,000,000 | 10,710,000 | 1,466,140 | 38,119,640 |

## JSY:Janani Suraksha Yojana DHAP sheet for year 2024-25

| o. | District | Physical Targets for Budgetary allocation | | | | JSY Budget Sheet 2024-25 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 3.3 | 3.1 | 3.2 | 3.4 | 3.5 | Total JSY |
| | | Home Deliveries | Rural Deliveries | Urban Deliveries | Incentives to ASHA | Home deliveries | Rural deliveries | Urban deliveries | Incentives to ASHA | Administrative Expenses 4% | |
| 63 | Saharanpur | 12 | 32,000 | 5,000 | 31,450 | 6,000 | 40,320,000 | 5,000,000 | 18,870,000 | 2,567,840 | 66,763,840 |
| 64 | Sambhal | 7 | 30,000 | 2,000 | 27,200 | 3,500 | 37,800,000 | 2,000,000 | 16,320,000 | 2,244,940 | 58,368,440 |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 7 | 28,000 | 1,000 | 24,650 | 3,500 | 35,280,000 | 1,000,000 | 14,790,000 | 2,042,940 | 53,116,440 |
| 66 | Sant Ravidas Nagar | 7 | 18,000 | 2,000 | 17,000 | 3,500 | 22,680,000 | 2,000,000 | 10,200,000 | 1,395,340 | 36,278,840 |
| 67 | Shahjahanpur | 7 | 41,000 | 4,000 | 38,250 | 3,500 | 51,660,000 | 4,000,000 | 22,950,000 | 3,144,540 | 81,758,040 |
| 68 | Shamali | 7 | 19,000 | 3,000 | 18,700 | 3,500 | 23,940,000 | 3,000,000 | 11,220,000 | 1,526,540 | 39,690,040 |
| 69 | Shravasti | 7 | 35,000 | 1,000 | 30,600 | 3,500 | 44,100,000 | 1,000,000 | 18,360,000 | 2,538,540 | 66,002,040 |
| 70 | Siddharth Nagar | 7 | 36,000 | 1,000 | 31,450 | 3,500 | 45,360,000 | 1,000,000 | 18,870,000 | 2,609,340 | 67,842,840 |
| 71 | Sitapur | 7 | 80,000 | 4,000 | 71,400 | 3,500 | 100,800,000 | 4,000,000 | 42,840,000 | 5,905,740 | 153,549,240 |
| 72 | Sonbhadra | 7 | 34,000 | 1,000 | 29,750 | 3,500 | 42,840,000 | 1,000,000 | 17,850,000 | 2,467,740 | 64,161,240 |
| 73 | Sultanpur | 7 | 35,000 | 1,000 | 30,600 | 3,500 | 44,100,000 | 1,000,000 | 18,360,000 | 2,538,540 | 66,002,040 |
| 74 | Unnao | 7 | 33,000 | 6,000 | 33,150 | 3,500 | 41,580,000 | 6,000,000 | 19,890,000 | 2,698,940 | 70,172,440 |
| 75 | Varanasi | 12 | 30,000 | 15,000 | 38,250 | 6,000 | 37,800,000 | 15,000,000 | 22,950,000 | 3,030,240 | 78,786,240 |
| | Total District | 615 | 2,500,000 | 300,000 | 2,380,000 | 307,500 | 3,150,000,000 | 300,000,000 | 1,428,000,000 | 195,132,300 | 5,073,439,800 |

(प्रभाकर तिवारी)
परामर्शदाता, मातृ स्वास्थ्य

3

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

1444-2

पत्रांक–एन0एच0एम0/एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0वाई0/8–9/2023–24/ दिनांक 22.05.2023

विषयः वित्तीय वर्ष 2023–24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "जननी सुरक्षा योजना" के संचालन हेतु धनराशि का आवंटन एवं दिशा–निर्देश।

महोदया/महोदय,

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "जननी सुरक्षा योजना" शासनादेश सं0–जी0आई0 176/5–9–07–9 (113)/05 टी0सी0 दिनांक 08.06.2007, शासनादेश सं0–3668/5–9.7–9(113)/2005, दिनांक 19.01.2008 तथा शासनादेश सं0–3667/5–9–08–9 (113)/05, दिनांक 05.03.2008 के अधीन संचालित की जा रही हैं।

भारत सरकार से प्राप्त आर0ओ0पी0 की स्वीकृतियों के अनुसार "जननी सुरक्षा योजना" वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु 27,90,000 लाभार्थियों के संस्थागत प्रसव के लक्ष्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जननी सुरक्षा योजना हेतु आर0ओ0पी0 में स्वीकृत कुल धनराशि के सापेक्ष 75 प्रतिशत की धनराशि जनपदों को आंवटित की जा रही है–

| क्र0 सं0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फीम्स कोड | वित्तीय आगणन हेतु भौतिक लक्ष्य | जनपदों को आवंटित कुल धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण प्रसवों का भुगतान रू0 1400 की दर से | RCH.1.3.DBT.1 | 25,01,000 | 262,60,50,000 |
| 2 | शहरी प्रसवों का भुगतान रू0 1000 की दर से | RCH.1.3.DBT.2 | 2,89,000 | 21,67,50,000 |
| 3 | बी0पी0एल0 घरेलू प्रसव रू0 500 की दर से | RCH.1.3.DBT.3 | 615 | 3,07,000 |
| 4 | आशाओं को प्रोत्साहन धनराशि रू0 600 की दर से | RCH.1.3.ASHA | 23,74,800 | 106,86,60,000 |
| 5 | जनपद स्तरीय प्रशासनिक मद | RCH.1.3.ODC | 4% | 15,64,70,680 |
| | कुल जनपदों को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि | | | **406,82,37,680** |

कार्यक्रम कियान्वयन सम्बन्धी विस्तृत दिशा–निर्देश निम्नवत हैं–

**1. गर्भवती महिलाओं का आर0सी0एच0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशनः–**

भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 01 अप्रैल 2016 से जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान हेतु लाभार्थियों का एम0सी0टी0एस0पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य कर दिया गया था, जिसको आर0सी0एच0 पोर्टल में परिवर्तित कर दिया गया है। जननी सुरक्षा योजना का भुगतान उन्हीं लाभार्थियों को दिया जायेगा जिनका आर0सी0एच0 पोर्टलपर रजिस्ट्रेशन हुआ हो, अतः सभी जे0एस0वाई0 के लाभार्थियों का भुगतान किये जाने हेतु छाया वी0एच0एस0एन0डी0/यू0एच0एस0एन0डी0 के समय चिन्हित सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का भी आर0सी0एच0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्रसव पूर्व जाँचों के आधार पर प्रत्येक लाभार्थी को दी गयी सेवाओ का पोर्टल पर अपडेशन भी सुनिश्चित किया जाना है।

**2. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि का प्राविधानः–**

वर्तमान में जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आशा के भुगतान के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–657/पाँच–9–2013–9(113)/05 दिनांक 15 मई 2013 द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। इसके अनुपालन में मिशन निदेशक द्वारा पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वास्थ्य/जे0एस0वाई0/8–6/13–14/934–75 दिनांक–30.05.2013 के माध्यम से विस्तृत दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना" एक निरन्तर संचालित की जाने वाली योजना है एवं इसका लाभ राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालय, अन्य जिला

स्तरीय चिकित्सालय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीनस्थ समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर लागू है। वित्तीय वर्ष 2023-24 मे कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय सम्बन्धी दिशा-निर्देश निम्नवत है-

- ग्रामीण प्रसवों का भुगतान रू0 1400/-प्रति लाभार्थी की दर से स्वीकृत एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड RCH.1.3.DBT.1
- शहरी प्रसवों का भुगतान रू0 1000/-प्रति लाभार्थी की दर से स्वीकृत एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड RCH.1.3.DBT.2
- गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाली गर्भवती महिलाओं के घरेलू प्रसव हेतु रू0 500/-प्रति लाभार्थी की दर से धनराशि स्वीकृत है (एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड RCH.1.3.DBT.3)

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या- 176 /5-9-07-9(113)/05 टीसी दिनांक 08.06.2007 के प्रस्तर पॉच में दिये गये निर्देश में आंशिक संशोधन करते हुये नवीन व्यवस्था के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाली सभी आयु वर्गकी गर्भवती महिलाओं, जो घर पर कुशल सेवाप्रदाता (ए.एन.एम/एल.एच.वी./स्टाफ नर्स/सिस्टर अथवा चिकित्सक) के माध्यम से प्रसव कराती हैं, को गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर प्रत्येक बच्चे के जन्म पर प्रति प्रसव रू0- 500/- की आर्थिक सहायता अनुमन्य की गयी है, जिसके लिये आवश्यक निर्देश प्रमुख सचिव चिकि0स्वा0 एवं प0क0, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश पत्रांक-373/पॉच-9-2014-9 (113) 05 दिनांक 04 मार्च 2014 के द्वारा निर्गत किये गये हैं।

- आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि रू0 600/-की दर से ग्रामीण प्रसवों हेतु (राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये रू0-300/- प्रति लाभार्थी एवं लाभार्थी के एम0सी0पी0 कार्ड पर आर0सी0एच0 नम्बर, मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप हेतु रू0-300/- प्रति लाभार्थी) स्वीकृत एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड RCH.1.3.ASHA
- आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि रू0 400/-की दर से शहरी प्रसवों हेतु (राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये रू0-200/- प्रति लाभार्थी एवं लाभार्थी के एम0सी0पी0 कार्ड पर आर0सी0एच0 नम्बर, मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप हेतु रू0-200/- प्रति लाभार्थी) स्वीकृत एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड RCH.1.3.ASHA

3. **जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत (प्रशासनिक मद हेतु)**-जनपद स्तर पर जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राविधानित कुल धनराशि की 4 प्रतिशत धनराशि प्रशासनिक मद के अन्तर्गत आवंटित की गयी है, जनपदों में जिला महिला चिकित्सालय/जिला संयुक्त चिकित्सालय/जिला स्तरीय चिकित्सालय एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज को प्रसव भार के अनुसार आंवटित धनराशि का 4 प्रतिशत (प्रशासनिक मद हेतु) का आंवटन भी सुनिश्चित किया जाये है। इस धनराशि का उपयोग निम्नवत् किया जाना हैएफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड RCH.1.3.OOC
   - ए0एन0सी0, लेबर रूम एवं मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के सभी रजिस्टरों का मुद्रण
   - मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम सम्बन्धी प्रचार प्रसार सामग्री।
   - जे0एस0वाई0 वार्ड एवं लेबर रूम हेतु रख रखाव, साफ सफाई एवं साज-सज्जा की व्यवस्था।
   - जनपद में मातृ स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों की कम्प्यूटराज्ड रिपोर्टिंग हेतु आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था।

4. मान्यता प्राप्त प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालय मे संस्थागत प्रसव कराने की व्यवस्था–

आयुष्मान भारत योजना के अर्न्तगत चिन्हित मान्यता प्राप्त प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालय में Health benefit package में पात्र लाभार्थियों हेतु जटिल प्रसवों एवं सिजेरियन प्रसवों की सुविधा प्रदान की जा रही है।

5. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान –

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान में पारदर्शिता लाने, किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को रोकने तथा एक सुदृढ़ वित्तीय व्यवस्था स्थापित करने के लिये भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुपालन मे प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0/2012–13/लेखा/पी0एफ0एम0एस0/187/5067 दिनांक 04.02.15 के द्वारा सभी भुगतान पी0एफ0एम0एस0 वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सभी लाभार्थियों/महिलाओं का 'आधार' क्रमांक अथवा आधार लिन्कड बैंक खाते का विवरण पंजीकरण के समय अथवा एन्टीनेटल चेकअप के दौरान आर0सी0एच0 पोर्टल डेटाबेस/एम.सी.पी. कार्ड में अंकित किये जाने का प्राविधान है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार डी0बी0टी0 योजना के तहत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान लाभार्थियों के आधार कार्ड संख्या से सम्बद्ध बैंक खाते में ही किया जायेगा। आशा द्वारा लाभार्थियों का आधार कार्ड बनवाने, बैंक खाता खुलवाने तथा उसे आधार से लिंक कराना अपेक्षित है। ए0एन0एम0 द्वारा भी गर्भवती महिलाओं को सूचीबद्ध कर उनके खाते खुलवाने एवं आधार कार्ड से सम्बद्ध कराने की कार्यवाही में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा। *समस्त जे0एस0वाई0 भुगतान केवल लाभार्थी महिला के खाते में ही किये जायेंगे।*

चिकित्सालय से छुट्टी के समय जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थी को पी0एफ0एम0एस0 वेब पोर्टल के माध्यम से उसके बैंक खाते में स्थानान्तरित की जायेगी।धनराशि की जानकारी "जननी सुरक्षा योजना लाभार्थी भुगतान प्रमाण पत्र" के माध्यम से दे दी जाये, जिसकी एक प्रति लाभार्थी को एवं एक प्रति चिकित्सालय पर संरक्षित की जाये। सभी इकाईयों को जननी सुरक्षा योजना लाभार्थी भुगतान प्रमाण पत्र एक बुकलेट के रूप में मुद्रित कराकर उपलब्ध कराना सुनिशिचत करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान इस बुकलेट के उपयोग की समीक्षा की जाये। जे0एस0वाई0 फार्म का प्रारूप समस्त प्रसव इकाईयों पर उपलब्ध करायें। इसे सभी प्रसव इकाईयों पर बी0पी0एल0 लाभार्थियों के घरेलू प्रसव के भुगतान हेतु भी आवश्यक कर दें।

राज्य स्तर से प्रेषित पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0वाई0/8–9/2021–22/2611–2 दिनांक 13.08.2021 में दिये गये निर्देश के अनुसार–

- गर्भवती महिलाओं के बैंक खाता के पूर्ण विवरण सहित आर0सी0एच0 पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य किया जा रहा है। बैंक खाता का विवरण एम0सी0पी0 कार्ड एवं आर0सी0एच0 रजिस्टर पर अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- पंजीकरण उपरान्तजिन लाभार्थियों के पास बैंक खातासंख्या उपलब्ध नही है,आशाओं के माध्यम से उनके खाते खुलवाने हेतु तत्काल कार्यवाही की जाये। प्रत्येक दशा में प्रसव पूर्व समस्त लाभार्थियों के बैंक खाते खुलवा लिये जायें, ताकि प्रसव उपरान्त जे0एस0वाई भुगतान में कोई विलम्ब न हो ।
- दिशा निर्देश के अनुसार जे0एस0वाई के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव हेतु लाभार्थियों का भुगतान 48 घण्टे के अंदर किया जाना आवश्यक है एवं भुगतान विलम्बित होने पर जनपद स्तर से साप्ताहिक समीक्षा की जाये तथा भुगतान न होने की स्थिति में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायें।

6. अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंग–

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत समस्त रिपोर्ट एच0एम0आई0एस0 एवं आर0सी0एच0 पोर्टल पर की जायेंगी। समस्त रिपोर्टिंग प्रपत्रों एवं राज्य अधारित पोर्टल को एकीकृत कर तैयार किये गये एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर समस्त आंकड़ो को गुणवत्तायुक्त तरीके से एकत्र करने की व्यवस्था बनायी गयी है। इस हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारियों का उत्तरदायित्व स्पष्टता निर्धारित किया गया है। इस सम्बन्ध में स्पष्ट किया गया है कि समस्त आंकड़ों को दी गयी व्यवस्था के अनुसार गुणवत्ता के साथ फीड किया जाना सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि मासिक समीक्षा हेतु एच0एम0आई0एस0 पर उपलब्ध आंकड़ों / सूचना के आधार पर जनपदों द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा की जा सके।

समस्त राजकीय स्वास्थ्य इकाइयों पर हुये संस्थागत प्रसवों की सूचना प्रति दिन "मंत्र" पोर्टल पर किया जाना अति आवश्यक है।

उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में जे0एस0वाई0 की त्रैमासिक रिपोर्ट "प्रपत्र 18" पर प्रत्येक त्रैमास समाप्ति के बाद 05 दिवसों के अन्दर राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

7. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारण एवं वित्तीय फांट–

वित्तीय वर्ष 2022–23 में जननी सुरक्षा योजना की जनपदों से उपलब्ध करायी गयी त्रैमासिक भौतिक प्रगति "**प्रपत्र 18**"के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 में जननी सुरक्षा योजना हेतु कुल 27,90,000 लाभार्थियों के संस्थागत प्रसव का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की आर0ओ0पी0 में जननी सुरक्षा योजना हेतुस्वीकृत कुल धनराशि के सापेक्ष 25 प्रतिशत की धनराशि जनपदों को आंवटित की गयी है। जिला लेखा प्रबंधक यह सुनिष्चित करें कि जनपद की समस्त अधीनस्थ इकाइयों को ससमय वित्तीय आहरण सीमा (**Limit**) जारी की जाये।

उपर्युक्त हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना हेतु कुल रू0 406,82,37,680 / –(रू0 चार सौ छः करोड बयासी लाख सैंतिस हजार छः सौ अस्सी मात्र) की धनराशि (जनपदवार फांट संलग्न)के अनुसार आंवटित की गयी है, शेष 25 प्रतिशत जनपदों को नौ माह की प्रगति की समीक्षा के आधार पर आवंटित की जायेगी। यह धनराशि जनपदों द्वारा व्यय की गयी धनराशि के आंकलन के आधार पर आवंटित की जायेगी। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ससमय व पूरा भुगतान सुनिश्चित किया जाना है। धनराशि का आवंटन केवल व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जाये।

उक्त कार्यक्रम में आवंटित धनराशि की सीमा तक ही नियमानुसार व्यय किया जाये। उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।जननी सुरक्षा योजना से सम्बन्धित समस्त भौतिक एवं वित्तीय अभिलेखों का रख–रखाव नियमानुसार किया जाये।

व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियों, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्त मासिक कान्करेन्ट आडिट, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

JSY:Janani Suraksha Yojana DHAP sheet for year 2023-24

| o. | District | Physical Targets for Budgetary allocation | | | | JSY Budget Sheet 2023-24 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | RCH.1.3.D | RCH.1.3.DBT.1 | RCH.1.3.DBT. | RCH.1.3.ASHA | RCH.1.3.OOC | Total JSY Budget for year 2023-24 for the districts |
| | | Home Deliveries | Rural Deliveries | Urban Deliveries | Incentives to ASHA | Home deliveries @Rs.500 | Rural deliveries @ Rs.1,400 | Urban deliveries @ Rs. 1,000 | Incentives to Rural ASHA @ Rs.600 | Administrative Expenses 4% | |
| 1 | **Agra** | 12 | 45,000 | 13,000 | 49,300 | 6,000 | 47,250,000 | 9,750,000 | 22,185,000 | 3,167,640 | 82,358,640 |
| 2 | **Aligarh** | 12 | 46,000 | 13,900 | 51,000 | 6,000 | 48,300,000 | 10,425,000 | 22,950,000 | 3,267,240 | 84,948,240 |
| 3 | Ambedkar Nagar | 7 | 23,000 | 1,000 | 20,400 | 3,500 | 24,150,000 | 750,000 | 9,180,000 | 1,363,340 | 35,446,840 |
| 4 | Amethi | 7 | 29,000 | 500 | 25,100 | 3,500 | 30,450,000 | 375,000 | 11,295,000 | 1,684,940 | 43,808,440 |
| 5 | Auraiya | 7 | 20,000 | 1,500 | 18,300 | 3,500 | 21,000,000 | 1,125,000 | 8,235,000 | 1,214,540 | 31,578,040 |
| 6 | **Azamgarh** | 12 | 38,000 | 1,600 | 33,700 | 6,000 | 39,900,000 | 1,200,000 | 15,165,000 | 2,250,840 | 58,521,840 |
| 7 | Baghpat | 7 | 15,000 | 2,600 | 15,000 | 3,500 | 15,750,000 | 1,950,000 | 6,750,000 | 978,140 | 25,431,640 |
| 8 | **Bahraich** | 7 | 79,000 | 2,700 | 69,400 | 3,500 | 82,950,000 | 2,025,000 | 31,230,000 | 4,648,340 | 120,856,840 |
| 9 | Ballia | 7 | 36,000 | 800 | 31,300 | 3,500 | 37,800,000 | 600,000 | 14,085,000 | 2,099,540 | 54,588,040 |
| 10 | **Balrampur** | 7 | 39,000 | 1,200 | 34,200 | 3,500 | 40,950,000 | 900,000 | 15,390,000 | 2,289,740 | 59,533,240 |
| 11 | Banda | 7 | 36,000 | 3,200 | 33,400 | 3,500 | 37,800,000 | 2,400,000 | 15,030,000 | 2,209,340 | 57,442,840 |
| 12 | Barabanki | 7 | 47,000 | 2,100 | 41,800 | 3,500 | 49,350,000 | 1,575,000 | 18,810,000 | 2,789,540 | 72,528,040 |
| 13 | **Bareilly** | 12 | 36,000 | 5,800 | 35,600 | 6,000 | 37,800,000 | 4,350,000 | 16,020,000 | 2,327,040 | 60,503,040 |
| 14 | **Basti** | 12 | 30,000 | 2,500 | 27,700 | 6,000 | 31,500,000 | 1,875,000 | 12,465,000 | 1,833,840 | 47,679,840 |
| 15 | Bijnor | 7 | 23,000 | 2,200 | 21,500 | 3,500 | 24,150,000 | 1,650,000 | 9,675,000 | 1,419,140 | 36,897,640 |
| 16 | Budaun | 7 | 56,000 | 4,600 | 51,500 | 3,500 | 58,800,000 | 3,450,000 | 23,175,000 | 3,417,140 | 88,845,640 |
| 17 | Bulandshahar | 7 | 34,000 | 6,300 | 34,300 | 3,500 | 35,700,000 | 4,725,000 | 15,435,000 | 2,234,540 | 58,098,040 |
| 18 | **Chandauli** | 7 | 30,000 | 1,100 | 26,500 | 3,500 | 31,500,000 | 825,000 | 11,925,000 | 1,770,140 | 46,023,640 |
| 19 | **Chitrakoot** | 12 | 23,000 | 1,200 | 20,600 | 6,000 | 24,150,000 | 900,000 | 9,270,000 | 1,373,040 | 35,699,040 |
| 20 | Deoria | 7 | 41,000 | 1,400 | 36,100 | 3,500 | 43,050,000 | 1,050,000 | 16,245,000 | 2,413,940 | 62,762,440 |
| 21 | Etah | 7 | 23,000 | 1,400 | 20,800 | 3,500 | 24,150,000 | 1,050,000 | 9,360,000 | 1,382,540 | 35,946,040 |
| 22 | Etawah | 7 | 26,000 | 4,500 | 26,000 | 3,500 | 27,300,000 | 3,375,000 | 11,700,000 | 1,695,140 | 44,073,640 |
| 23 | **Faizabad (AYODHYA)** | 11 | 29,000 | 3,700 | 27,800 | 5,500 | 30,450,000 | 2,775,000 | 12,510,000 | 1,829,620 | 47,570,120 |
| 24 | Farukkhabad | 7 | 25,000 | 2,500 | 23,400 | 3,500 | 26,250,000 | 1,875,000 | 10,530,000 | 1,546,340 | 40,204,840 |
| 25 | **Fatehpur** | 7 | 36,000 | 2,800 | 33,000 | 3,500 | 37,800,000 | 2,100,000 | 14,850,000 | 2,190,140 | 56,943,640 |
| 26 | Firozabad | 7 | 29,000 | 8,300 | 31,800 | 3,500 | 30,450,000 | 6,225,000 | 14,310,000 | 2,039,540 | 53,028,040 |
| 27 | **Gautam Buddha Nagar** | 7 | 14,000 | 5,600 | 16,700 | 3,500 | 14,700,000 | 4,200,000 | 7,515,000 | 1,056,740 | 27,475,240 |
| 28 | Ghaziabad | 7 | 10,000 | 12,400 | 19,100 | 3,500 | 10,500,000 | 9,300,000 | 8,595,000 | 1,135,940 | 29,534,440 |
| 29 | **Ghazipur** | 7 | 44,000 | 1,000 | 38,300 | 3,500 | 46,200,000 | 750,000 | 17,235,000 | 2,567,540 | 66,756,040 |
| 30 | **Gonda** | 12 | 51,000 | 2,100 | 45,200 | 6,000 | 53,550,000 | 1,575,000 | 20,340,000 | 3,018,840 | 78,489,840 |

## JSY:Janani Suraksha Yojana DHAP sheet for year 2023-24

| o. | District | Physical Targets for Budgetary allocation | | | | JSY Budget Sheet 2023-24 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | RCH.1.3.D | RCH.1.3.DBT.1 | RCH.1.3.DBT. | RCH.1.3.ASHA | RCH.1.3.OOC | Total JSY Budget for year 2023-24 for the districts |
| | | Home Deliveries | Rural Deliveries | Urban Deliveries | Incentives to ASHA | Home deliveries @Rs.500 | Rural deliveries @ Rs.1,400 | Urban deliveries @ Rs. 1,000 | Incentives to Rural ASHA @ Rs.600 | Administrative Expenses 4% | |
| 31 | **Gorakhpur** | 12 | 49,000 | 6,100 | 46,900 | 6,000 | 51,450,000 | 4,575,000 | 21,105,000 | 3,085,440 | 80,221,440 |
| 32 | Hamirpur | 7 | 21,000 | 2,700 | 20,200 | 3,500 | 22,050,000 | 2,025,000 | 9,090,000 | 1,326,740 | 34,495,240 |
| 33 | Hapur | 7 | 12,000 | 1,200 | 11,300 | 3,500 | 12,600,000 | 900,000 | 5,085,000 | 743,540 | 19,332,040 |
| 34 | Hardoi | 7 | 63,000 | 2,900 | 56,100 | 3,500 | 66,150,000 | 2,175,000 | 25,245,000 | 3,742,940 | 97,316,440 |
| 35 | Hathras | 7 | 24,000 | 2,400 | 22,500 | 3,500 | 25,200,000 | 1,800,000 | 10,125,000 | 1,485,140 | 38,613,640 |
| 36 | Jalaun | 7 | 20,000 | 3,800 | 20,300 | 3,500 | 21,000,000 | 2,850,000 | 9,135,000 | 1,319,540 | 34,308,040 |
| 37 | Jaunpur | 7 | 44,000 | 2,400 | 39,500 | 3,500 | 46,200,000 | 1,800,000 | 17,775,000 | 2,631,140 | 68,409,640 |
| 38 | **Jhansi** | 12 | 21,000 | 6,300 | 23,300 | 6,000 | 22,050,000 | 4,725,000 | 10,485,000 | 1,490,640 | 38,756,640 |
| 39 | NAGAR,Amroha | 7 | 16,000 | 2,300 | 15,600 | 3,500 | 16,800,000 | 1,725,000 | 7,020,000 | 1,021,940 | 26,570,440 |
| 40 | Kannauj | 7 | 26,000 | 1,900 | 23,800 | 3,500 | 27,300,000 | 1,425,000 | 10,710,000 | 1,577,540 | 41,016,040 |
| 41 | Kanpur Dehat | 7 | 24,000 | 1,400 | 21,600 | 3,500 | 25,200,000 | 1,050,000 | 9,720,000 | 1,438,940 | 37,412,440 |
| 42 | **Kanpur Nagar** | 12 | 27,000 | 13,900 | 34,800 | 6,000 | 28,350,000 | 10,425,000 | 15,660,000 | 2,177,640 | 56,618,640 |
| 43 | Kasganj | 7 | 24,000 | 1,300 | 21,600 | 3,500 | 25,200,000 | 975,000 | 9,720,000 | 1,435,940 | 37,334,440 |
| 44 | Kaushambi | 7 | 32,000 | 800 | 27,900 | 3,500 | 33,600,000 | 600,000 | 12,555,000 | 1,870,340 | 48,628,840 |
| 45 | Kheri (Lakhimpur Kheri ) | 7 | 67,000 | 1,600 | 58,300 | 3,500 | 70,350,000 | 1,200,000 | 26,235,000 | 3,911,540 | 101,700,040 |
| 46 | Kushi Nagar | 7 | 50,000 | 900 | 43,300 | 3,500 | 52,500,000 | 675,000 | 19,485,000 | 2,906,540 | 75,570,040 |
| 47 | Lalitpur | 7 | 26,000 | 1,900 | 23,800 | 3,500 | 27,300,000 | 1,425,000 | 10,710,000 | 1,577,540 | 41,016,040 |
| 48 | **Lucknow** | 12 | 24,000 | 32,000 | 47,600 | 6,000 | 25,200,000 | 24,000,000 | 21,420,000 | 2,825,040 | 73,451,040 |
| 49 | Maharajganj | 7 | 37,000 | 800 | 32,200 | 3,500 | 38,850,000 | 600,000 | 14,490,000 | 2,157,740 | 56,101,240 |
| 50 | Mahoba | 7 | 16,000 | 3,200 | 16,400 | 3,500 | 16,800,000 | 2,400,000 | 7,380,000 | 1,063,340 | 27,646,840 |
| 51 | Mainpuri | 7 | 24,000 | 2,500 | 22,600 | 3,500 | 25,200,000 | 1,875,000 | 10,170,000 | 1,489,940 | 38,738,440 |
| 52 | Mathura | 7 | 26,000 | 3,400 | 25,000 | 3,500 | 27,300,000 | 2,550,000 | 11,250,000 | 1,644,140 | 42,747,640 |
| 53 | MAU | 7 | 24,000 | 600 | 21,000 | 3,500 | 25,200,000 | 450,000 | 9,450,000 | 1,404,140 | 36,507,640 |
| 54 | **Meerut** | 12 | 20,000 | 9,900 | 25,500 | 6,000 | 21,000,000 | 7,425,000 | 11,475,000 | 1,596,240 | 41,502,240 |
| 55 | **Mirzapur** | 12 | 43,000 | 2,400 | 38,600 | 6,000 | 45,150,000 | 1,800,000 | 17,370,000 | 2,573,040 | 66,899,040 |
| 56 | **Moradabad** | 12 | 16,000 | 3,500 | 16,600 | 6,000 | 16,800,000 | 2,625,000 | 7,470,000 | 1,076,040 | 27,977,040 |
| 57 | Muzaffar Nagar | 7 | 27,000 | 4,600 | 26,900 | 3,500 | 28,350,000 | 3,450,000 | 12,105,000 | 1,756,340 | 45,664,840 |
| 58 | Pilibhit | 7 | 24,000 | 1,600 | 21,800 | 3,500 | 25,200,000 | 1,200,000 | 9,810,000 | 1,448,540 | 37,662,040 |
| 59 | Pratapgarh | 7 | 37,000 | 2,000 | 33,200 | 3,500 | 38,850,000 | 1,500,000 | 14,940,000 | 2,211,740 | 57,505,240 |
| 60 | **PRAYAGRAJ Allahabad** | 12 | 69,000 | 3,700 | 61,700 | 6,000 | 72,450,000 | 2,775,000 | 27,765,000 | 4,119,840 | 107,115,840 |

## JSY:Janani Suraksha Yojana DHAP sheet for year 2023-24

| o. | District | Physical Targets for Budgetary allocation | | | | JSY Budget Sheet 2023-24 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | RCH.1.3.D | RCH.1.3.DBT.1 | RCH.1.3.DBT. | RCH.1.3.ASHA | RCH.1.3.OOC | Total JSY Budget for year 2023-24 for the districts |
| | | Home Deliveries | Rural Deliveries | Urban Deliveries | Incentives to ASHA | Home deliveries @Rs.500 | Rural deliveries @ Rs.1,400 | Urban deliveries @ Rs. 1,000 | Incentives to Rural ASHA @ Rs.600 | Administrative Expenses 4% | |
| 61 | Raebareli | 7 | 43,000 | 1,900 | 38,200 | 3,500 | 45,150,000 | 1,425,000 | 17,190,000 | 2,550,740 | 66,319,240 |
| 62 | Rampur | 7 | 22,000 | 2,300 | 20,700 | 3,500 | 23,100,000 | 1,725,000 | 9,315,000 | 1,365,740 | 35,509,240 |
| 63 | **Saharanpur** | 12 | 31,000 | 5,000 | 30,600 | 6,000 | 32,550,000 | 3,750,000 | 13,770,000 | 2,003,040 | 52,079,040 |
| 64 | Sambhal | 7 | 28,000 | 2,200 | 25,700 | 3,500 | 29,400,000 | 1,650,000 | 11,565,000 | 1,704,740 | 44,323,240 |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 7 | 28,000 | 1,100 | 24,800 | 3,500 | 29,400,000 | 825,000 | 11,160,000 | 1,655,540 | 43,044,040 |
| 66 | Sant Ravidas Nagar | 7 | 63,000 | 9,400 | 61,600 | 3,500 | 66,150,000 | 7,050,000 | 27,720,000 | 4,036,940 | 104,960,440 |
| 67 | Shahjahanpur | 7 | 39,000 | 4,900 | 37,400 | 3,500 | 40,950,000 | 3,675,000 | 16,830,000 | 2,458,340 | 63,916,840 |
| 68 | Shamali | 7 | 19,000 | 4,100 | 19,700 | 3,500 | 19,950,000 | 3,075,000 | 8,865,000 | 1,275,740 | 33,169,240 |
| 69 | **Shravasti** | 7 | 32,000 | 700 | 27,800 | 3,500 | 33,600,000 | 525,000 | 12,510,000 | 1,865,540 | 48,504,040 |
| 70 | **Siddharth Nagar** | 7 | 35,000 | 1,100 | 30,700 | 3,500 | 36,750,000 | 825,000 | 13,815,000 | 2,055,740 | 53,449,240 |
| 71 | Sitapur | 7 | 85,000 | 4,200 | 75,800 | 3,500 | 89,250,000 | 3,150,000 | 34,110,000 | 5,060,540 | 131,574,040 |
| 72 | **Sonbhadra** | 7 | 32,000 | 500 | 27,700 | 3,500 | 33,600,000 | 375,000 | 12,465,000 | 1,857,740 | 48,301,240 |
| 73 | Sultanpur | 7 | 34,000 | 900 | 29,700 | 3,500 | 35,700,000 | 675,000 | 13,365,000 | 1,989,740 | 51,733,240 |
| 74 | Unnao | 7 | 32,000 | 6,700 | 32,900 | 3,500 | 33,600,000 | 5,025,000 | 14,805,000 | 2,137,340 | 55,570,840 |
| 75 | **Varanasi** | 12 | 32,000 | 6,500 | 32,800 | 6,000 | 33,600,000 | 4,875,000 | 14,760,000 | 2,129,640 | 55,370,640 |
| | **Total District** | **614** | **2,501,000** | **289,000** | **2,374,800** | **307,000** | **2,626,050,000** | **216,750,000** | **1,068,660,000** | **156,470,680** | **4,068,237,680** |

Annexure-1.3

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0एस0के0 / 93–5 /2024–25/ 2080-2 दिनांक 11/07/06.2024

विषयः वित्तीय वर्ष 2024–25 मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम" के संचालन हेतु आवंटित धनराशि के व्यय हेतु दिशा–निर्देश।

महोदया / महोदय,

आप अवगत हैं कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में पत्र संख्या–एन0एच0एम0 / एस0पी0एम0यू0 / मातृस्वा0 / जे0एस0एस0के0 / 93–5 / 2023–24 / 1438–2 दिनांक 22.05.2023 एवं 4525–2 दिनांक 05.09.2023 के माध्यम से जनपदों को विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गये थे। वित्तीय वर्ष 2024–25 में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के संचालन हेतु निःशुल्क औषधि–कन्ज्यूमेबिल्स एवं निःशुल्क जांचों हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रेषित किये गये दिशा निर्देश यथावत लागू रहेंगे परन्तु वित्तीय वर्ष 2023–24 के निःशुल्क भोजन मद के दिशा–निर्देश (प्रस्तर–3) में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित धनराशि के सम्बन्ध में दिशा–निर्देशों में निम्नवत् संशोधनों सहित निम्न तालिकानुसार गतिविधिवार तथा संलग्न जनपदवार फॉट के अनुसार धनराशि आवंटित की जा रही है:–

| क्रम स0 | गतिविधि | एफ0एम0आर0 / फॅक्स कोड | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवंटित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| | निःशुल्क औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स | | | |
| 1 | चिकित्सा इकाई में सामान्य प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्स रू0 400/– की दर से 20% आवंटित धनराशि | 4.1 | 25,05,000 | 20,04,00,000 |
| 2 | मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एल 3 चिकित्सा इकाई में सामान्य प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्सरू0 400/–की दर से | 4.2 | 1,45,000 | 5,80,00,000 |
| 3 | जनपद स्तरीय एल 3 चिकित्सा इकाई में सिजेरियन प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्सरू0 1,800 की दर से 20% आवंटित धनराशि | 4.3 | 1,00,000 | 3,60,00,000 |
| 4 | मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एल 3 चिकित्सा इकाई में सामान्य सिजेरियन प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्सरू0 1,800/–की दर से | 4.4 | 50,000 | 9,00,00,000 |
| | निःशुल्क जांचे | | | |
| 5 | गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जॉचे रू0 200/–की दर से 20% आवंटित धनराशि | 4.5 | 50,00,000 | 20,00,00,000 |
| 6 | पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु ई रूपी वाउचर के माध्यम से अल्ट्रासाउण्ड की जॉच की व्यवस्था रू0 300/– की दर से | 4.6 | 30,00,000 अल्ट्रासाउण्ड हेतु | 90,00,00,000 |
| 7 | छाया वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र में गर्भवती महिलाओं हेतु एच0आई0वी0 एवं सिफलिस की जॉचे रू0 40/–की दर से ए0 पी0 डी0 | 4.7 | 28,40,928 वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र | 11,36,37,120 |
| | निःशुल्क भोजन | | | |
| 8 | निःशुल्क भोजन सामान्य प्रसव–दो दिन एवं सिजेरियन प्रसव–पॉच दिन –रू0 150/– की दर से जनपद के एल 2 एवं 3 चिकित्सा इकाई में | 4.8 | 18,65,000 सामान्य प्रसव एवं 1,00,000 सिजेरियन प्रसव | 63,45,00,000 |
| 9 | निःशुल्क भोजन सामान्य प्रसव–दो दिन एवं सिजेरियन प्रसव–पॉच दिन रू0 150/– की दर से मेडिकल कॉलेजो के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग | 4.11 | 1,45,000 सामान्य प्रसव एवं 50,000 सिजेरियन प्रसव | 8,10,00,000 |
| 10 | पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु सूक्ष्म जल–पान राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला महिला चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सी0एच0सी0रू0–2,000/–प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से एवं पी0एच0सी0 को रू0–1,000/– प्रति पी0एम0एस0 एम0ए0 दिवस की दर से 10 माह हेतु | 4.9 | 2071 पी0एम0एस0एम0ए0 फैसिलिटी | 7,95,80,000 |
| | जनपदों को अवमुक्त की जाने वाली कुल धनराशि | | | 239,31,17,120 |

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु उपरोक्त तालिकानुसार बिन्दु संख्या–02 एवं 04 में वर्णित धनराशि का आवंटन 33 मेडिकल कॉलेजों (राजकीय मेडिकल कॉलेज–आगरा, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, बहराइच, बांदा, बस्ती, बदायूं, देवरिया, एटा, इटावा, अयोध्या, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजीपुर, गोरखपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, मेरठ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, सिद्धार्थ नगर एवं के0जी0एम0यू0, आर0एम0एल0आई0एम0एस0 लखनऊ, ए0एम0यू0,

अलीगढ़ तथा बी0एच0यू0. वाराणसी) को सामान्य प्रसव हेतु रू0 400/- की दर से एवं सिजेरियन प्रसव हेतु रू0 1,800/- की दर से शतप्रतिशत धनराशि प्रसव हेतु औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स मद में सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की जा रही है। आवंटित धनराशि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सम्बन्धित मेडिकल कॉलेज को अवमुक्त की जायेगी।

साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के निःशुल्क भोजन मद में आवंटित धनराशि के सम्बन्ध में दिशा-निर्देशों में कतिपय संशोधन किये गये है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-

1. प्रत्येक जनपद की समस्त 24x7 स्वास्थ्य इकाईयों पर निःशुल्क भोजन की व्यवस्था हेतु समस्त जनपद स्तरीय/ब्लाक स्तरीय/शहरी स्वास्थ्य इकाइयों (एल 2 एवं एल 3 प्रसव इकाईयों) में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष **निःशुल्क भोजन हेतु रू0 150/- प्रति लाभार्थी प्रति दिन की दर से (सुबह का नाश्ता एवं दो समय का भोजन)**। *नोट-यदि गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसवोंपरान्त उपरोक्त दिवसों से ज्यादा दिन प्रसव कारणों से स्वास्थ्य इकाई पर भर्ती है, तो भी उसे जे0एस0एस0के0 डाईट के मद से निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना आवश्यक है।*
2. पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं के सूक्ष्म जलपान के लिए 10 माह हेतु धनराशि आवंटित की जा रही है। इस हेतु रू0-2,000/-प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से, **राजकीय मेडिकल कॉलेजों, जिला महिला चिकित्सालयों, जिला संयुक्त चिकित्सालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों** एवं रू0-1,000/- प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस प्रति चिकित्सा इकाई की दर से **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों** हेतु।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम हेतु कुल रू0 239,31,17,120/-(रू0 दो सौ उन्तालीस करोड़ इक्कतीस लाख सतरह हजार एक सौ बीस मात्र) की संलग्न जनपदवार फांट के अनुसार धनराशि आवंटित की जा रही है।

साथ ही व्यय से सम्बन्धित समस्त बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्त मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अतः धनराशि का आवंटन मात्र व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही मानकानुसार एवं नियमानुसार व्यय किया जाये।

उक्त के कम में निर्देशित किया जाता है कि आवंटित धनराशि एवं दिशा-निर्देशानुसार कार्यक्रम का सम्पादन कराना सुनिश्चित करें, आवंटित धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिये जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीया,

(डा0 पिंकी जोवल)
**मिशन निदेशक**

पत्र संख्या-एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0एस0के0/93-5 /2024-25/ तद्दिनांक।

<u>प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. निदेशक, मातृ एवं शिशु कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
8. समस्त प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/अधीक्षक, जिला महिला/संयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।
9. वित्त नियन्त्रक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
10. समस्त महाप्रबंधक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को सूचनार्थ।
11. महाप्रबंधक एम0आई0एस0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 को upnhm की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
12. समस्त वरिष्ठ/वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, उत्तर प्रदेश।
13. समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
14. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक,जनपद स्तरीय परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य एवं जिला लेखा प्रबंधक, एन0एच0एम0, उ0प्र0।

(डा0 रवि प्रकाश दीक्षित)
**महाप्रबंधक, मातृ स्वास्थ्य**

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0,
लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

1438-2

पत्रांक– एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0एस0के0/93–5 /2023–24/ दिनांक : 22.05.2023

विषय–वित्तीय वर्ष 2023–24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम" के संचालन हेतु धनराशि का आवंटन एवं दिशा–निर्देश।

महोदया/महोदय,

जननी शिशु सुरक्षा कार्यकम प्रदेश के समस्त जनपदों में वर्ष 2011 से संचालित किया जा रहा है। इस कार्यकम का मुख्य उद्देश्य समस्त गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान चिकित्सकीय देखभाल व प्रसव सम्बन्धी सेवायें पूर्णतया निःशुल्क प्रदान करना है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक गर्भवती महिला को पॉच निःशुल्क सेवाएं–निःशुल्क, परिवहन सुविधा, निःशुल्क भोजन व्यवस्था, निःशुल्क उपचार (औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स) निःशुल्क जाँचे, एवं निःशुल्क ब्लड ट्रांसफ्यूजन की व्यवस्था प्रदान की जा रही है।

प्रसवोपरान्त प्रथम 48 घंटे माँ व बच्चे दोनों के लिये अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अधिकतर जटिलतायें व मृत्यु इस अवधि मे ही होती हैं। हमारी पूरी कार्यनीति प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओं हेतु इस अति संवेदनशील अवधि (प्रथम 48 घंटे) में चिकित्सकों की देख–रेख में होनी चाहिए। इसके लिये सभी प्रसव इकाईयों पर प्रसवोपरान्त महिलाओं को कम से कम 48–72 घंटे तक रोकने की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने का प्राविधान है। सभी निःशुल्क सेवाओं के साथ चिकित्सालय का वातावरण भी सहयोगात्मक होना आवश्यक है, जिससे प्रसूताओं को चिकित्सालय परिसर में ससम्मान रहने का अवसर प्राप्त हो।

1. निःशुल्क जॉच की व्यवस्थाः–
   - जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जॉच की सुविधा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। प्रदेश में सम्भावित 67.06 लाख गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023–24 की राज्य कार्ययोजना में कुल 50 लाख लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यू0पी0एम0एस0सी0एल0 द्वारा निःशुल्क जाँचें उपलब्ध कराने हेतु रैपिड टेस्टिंग किट्स एवं कन्ज्यूमेबिल्स आदि की व्यवस्था की जानी है, परन्तु जनपदों में अतिआवश्यक जांचों हेतु उपयोग होने वाले रीएजेन्ट, रैपिड टेस्टिंग किट्स तथा कन्ज्युमेबिल्स एवं अल्ट्रासाउण्ड हेतु 20 प्रतिशत धनराशि जनपदों को जनपदवार फांट के अनुसार आंवटित की जा रही है। जनपदों द्वारा इस धनराशि का उपयोग रीएजेन्ट, रैपिड टेस्टिंग किट्स, कन्ज्युमेबिल्स एवं अल्ट्रासाउण्ड हेतु इकाई पर सुविधा की उपलब्धता न होने की स्थिति में ही किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में इकाई में रीएजेन्ट, रैपिड टेस्टिंग किट्स तथा कन्ज्युमेबिल्स की आवश्यकता का आंकलन करते हुये जनपद स्तर से यू0पी0एम0एस0सी0एल0 से समन्वय स्थापित करते हुये आवश्यकतानुसार सीमित मात्रा मे ही कय किया जाये।
   - पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में आने वाली 1.5 लाख गर्भवती महिलाओं हेतु पी0पी0पी0 मोड पर रू0 300/– की दर से अल्ट्रासाउण्ड जॉच की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है।

- छाया वी0एच0एन0डी0 सत्र पर गर्भवती महिलाओं हेतु एच0आई0वी0 एवं सिफलिस की जांच किट ले जाने की व्यवस्था हेतु 2426424 छाया वी0एच0एन0डी0 सत्रों में रू0 40/– प्रति सत्र की दर से धनराशि स्वीकृत की गयी है।

| क्र. सं. | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | जनपदों को आवंटित धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु ई रूपी वाउचर के माध्यम से अल्ट्रासाउण्ड की जॉच की व्यवस्था रू0 300/– की दर से | RCH.1.4.DI.2 | 1,50,000 अल्ट्रासाउण्ड हेतु | 4,50,00,000 |
| 2 | 2426424 छाया वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र में गर्भवती महिलाओं हेतु एच0आई0वी0 एवं सिफलिस की जॉचें रू0 40/–की दर से ए. वी. डी. | RCH.1.4.DI.3 | 2426424 वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र | 9,70,56,960 |
| 3 | गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जॉचें रू0 200/–की दर (15 प्रतिशत धनराशि) | RCH.1.4.DI.1 | 50,00,000 ए0एन0सी0 | 15,00,00,000 |
| | कुल योग | | | 29,20,56,960 |

- निःशुल्क जॉच हेतु सामान्य निर्देशः–

प्रत्येक गर्भवती महिला की न्यूनतम 4–5 बार हीमोग्लोबिन, यूरीन एल्ब्यूमिन/शुगर की जॉच, एक बार ब्लड ग्रुपिंग/Rh Typing, जी0डी0एम0 (गर्भजनित मधुमेह), एच0आई0वी0 एवं सिफिलस की जॉचें भी की जायेगी। छाया वी0एच0एस0एन0डी0/यू0एच0एन0डी0पर होने वाली गर्भवती महिलाओं की जांचों में यदि उपरोक्त सभी जांचें नही हो पा रही हैं तो प्रत्येक माह 01, 09, 16 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर इन सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इसी प्रकार प्रसव के दौरान एवं प्रसव के पश्चात् भर्ती के दौरान सभी आवश्यक जॉचें इसी मद से उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही ब्लाक व जनपद स्तरीय चिकित्सालयों पर चिन्हित एच0आर0पी0 गर्भवती महिलाओं की अतिरिक्त जॉचें इसी मद से उपलब्ध करायी जायेंगी।

प्रत्येक माह की 01, 09, 16 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक के आयोजन हेतु सभी जॉचों की व्यवस्था एवं पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु पी0पी0पी0 मोड से अल्ट्रासाउण्ड की जॉच की व्यवस्था भी इसी मद से की जायेगी।

प्रत्येक स्तर की इकाई (L-1, L-2 & L-3) पर उपलब्ध करायी जाने वाली न्यूनतम आवश्यक निःशुल्क जॉचें निम्नवत हैं–

- पी0एच0सी0 एवं उपकेन्द्र (L-1) तथा छाया वी0एच0एस0एन0डी0 (आउटरीच)/यू0एच0एन0डी0 स्तर पर–हीमोग्लोबिन, यूरीन (एल्ब्यूमिन व शुगर), एच0आई0वी एवं सिफिलस की निःशुल्क जॉच।
- ब्लॉक स्तरीय पी0एच0सी0/सी0एच0सी0 (L-2) जहाँ लैब टक्नीशियन/लैब असिस्टेंण्ट की नियुक्ति है वहाँ–हीमोग्लोबिन, यूरीन (एल्ब्यूमिन व शुगर), ब्लडग्रुप/Rh Typing, जी0डी0एम0, हेपेटाइटिस–बी टेस्ट, एच0आई0वी एव सिफिलस की निःशुल्क जॉच की सुविधा।
- जनपद स्तरीय व सभी L-3 स्तर की चिकित्सा इकाइयों पर– हीमोग्लोबिन, यूरीन की जॉच, ब्लडग्रुप/Rh Typing, OGTT, HbsAg, VDRL, HIV, T3/T4/TSH एव सेमीऑटो एनालाइजर के माध्यम से की जाने वाली अन्य जांचें।
- T3,T4,TSH तथा अन्य आवश्यक जॉचों हेतु सेवाओं की अनुपलब्धता की दशा में जनपदों के जिला चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर नियमानुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से उपलब्ध डायग्नोस्टिक सर्विसेंज का लाभ भी लिया जा सकता है।
- छाया वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र पर गर्भवती महिलाओ हेतु एच0आई0वी0 एवं सिफलिस की जांच हेतु छाया वी0एच0एन0डी0 सत्र पर किट (ए0वी0डी0) ले जाने की व्यवस्था है।
- प्रदेश में जिला स्तरीय चिकित्सालयों पर अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं कि वर्तमान में जिन स्वास्थ्य इकाइयों पर यह सुविधा उपलब्ध है उन पर गर्भवती

महिलाओं को यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाय। इसमें उपयोग होने वाले कन्ज्यूमेबिल्स (फिल्म, जेल एवं टिशू पेपर आदि) का क्रय राजकीय नियमानुसार इस मद से किया जा सकता है। जिन स्वास्थ्य इकाइयों पर USG की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहाँ गर्भवती महिलाओं को पुरूष चिकित्सालय में USG की सुविधा उपलब्ध करायी जाये तथा आवश्यकतानुसार उन्हें भी इस मद से कन्ज्यूमेबिल्स उपलब्ध कराये जा सकते हैं। अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर उपलब्ध USG मशीनों को प्रयोग में लाने हेतु आवश्यक व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से सुनिश्चित की जाये। पी0पी0पी0 मोड पर 75 जनपदों को पूर्व में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार गर्भवती महिलाओं हेतु अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा नियमानुसार उपलब्ध करायी जानी है।

- पी0पी0पी0 मोड पर अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था के लिये सी0जी0एच0एस0, लखनऊ के निर्धारित मानकों के अनुरूप एन0ए0बी0एल0 एक्रेडेटेड तथा नॉन–एन0ए0बी0एल0 एक्रेडेटेड अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर के लिये रू0 300/– प्रति केस की दर निर्धारित की गयी है। चिन्हित सभी स्वास्थ्य केन्द्र के समीप क्रियाशील रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के प्रबन्धकों से सहमति प्राप्त कर उपर्युक्त निर्धारित दरों पर प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पी0पी0पी0) के आधार पर अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

भुगतान की व्यवस्थाः–

वित्तीय वर्ष 2023–24 में अल्ट्रासाउण्ड का भुगतान ई रूपी वाउचर के माध्यम से किया जाएगा एवं ई रूपी वाउचर की वैधता एक माह होगी। प्रमुख सचिव के स्तर से निर्गत पत्र संख्या **एस0पी0एम0यू0/मातृ0स्वा0/जे0एस0एस0के0/93–5/टी0सी0–2/2023–24/8361–2 दिनांक– 07.02.2023 एवं एस0पी0एम0यू0/मातृ0स्वा0/पी0एम0एस0एम0ए0/134/2023–24/359–2 दिनांक–17.04.2023** के माध्यम से दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

2. निःशुल्क उपचार व्यवस्थाः–

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्स की सुविधा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। प्रदेश में सम्भावित 67.06 लाख गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023–24 की राज्य कार्ययोजना में कुल 50 लाख लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

शासनादेश संख्या–23/2017/1981/पाँच–1–2016–5 (36)/2017 दिनांक 03 अक्टूबर 2017 के अनुसार औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स का क्रय उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा किया जाना है परन्तु राज्य कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 27 मई 2019 में लिए गए निर्णय के अनुसार औषधियो हेतु स्वीकृत धनराशि की 80 प्रतिशत धनराशि उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कार्पोरेशन को निर्गत की जायेगी तथा 20 प्रतिशत धनराशि जनपदों द्वारा स्थानीय क्रय किये जाने हेतु आवंटित की जायेगी।

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2023–24 के संचालन हेतु प्रसव पूर्व एवं प्रसवोपरान्त दी जाने वाली औषधि की आपूर्ति उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन के माध्यम से की जा रही है। राज्य कार्यकारी समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में चिकित्सा इकाई में प्रसव के दौरान उपयोग में आने वाली अति आवश्यक औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स हेतु स्वीकृत धनराशि में से 15 प्रतिशत धनराशि जनपदों को आवंटित की जा रही है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन के माध्यम से अधिकांश औषधियों एवं कन्ज्यूमेबिल्स की आपूर्ति की जा रही है। अतः जनपदों को आवंटित की गयी धनराशि से जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स की सूची के अनुसार अति आवश्यक औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स, क्रय किये जाने हैं, जो उस अवधि में यू0पी0एम0सी0एल0 द्वारा सप्लाई न किये जा रहे हों। इस सम्बन्ध में इकाई में औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स की आवश्यकता का आंकलन करते हुये यू0पी0एम0एस0सी0एल0 से समन्वय स्थापित करने उपरान्त उनके द्वारा उपलब्ध न कराये जाने की दशा में सीमित मात्रा में ही कय किया जाये। किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति एवं वित्तीय अनियमितता की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सी0एम0एस0डी0) एवं प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/अधीक्षक पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

- राजकीय मेडिकल कॉलेज हेतु औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स की व्यवस्था:–

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में 26 राजकीय मेडिकल कॉलेज को (आगरा, बस्ती, बहराइच, एटा, मिर्जापुर, शाहजहाँपुर, अयोध्या, झासी, प्रयागराज, कानपुर नगर, इटावा, कन्नौज, मेरठ,

आजमगढ, वाराणसी, अलीगढ, गोरखपुर, सहारनपुर, जालौन, गौतमबुद्धनगर, बदायू, बादा, अम्बेडकरनगर, सिदार्थ नगर ,के0जी0एम0यू0 एवं आर0एम0एल0आई0एम0एस0, लखनऊ) को प्रसव हेतु औषधि एवं कन्ज्युमेबिल्स के लिये धनराशि सम्बन्धित जिला स्वास्थ्य समिति को आवंटित की गयी है।

समस्त प्रसव इकाई हेतु औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स हेतु निम्नवत व्यवस्था की गयी है-

| क्र. सं. | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | जनपदों को आवंटित धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा इकाई में सामान्य प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमबिल्स रू0 400/- की दर से (15 प्रतिशत धनराशि) | RCH.1.4.DS.5 | 26,05,000 | 15,63,00,000 |
| 2 | मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग एल 3 चिकित्सा इकाई में सामान्य प्रसव हेतु औषधि तथा कन्ज्यूमेबिल्स रू0 400/-की दर से | RCH.1.4.DS.5 | 55,000 | 2,20,00,000 |
| | कुल योग | | **26,60,000** | **17,83,00,000** |

*नोट- इस प्रकार की वित्तीय व्यवस्था के उपरान्त मेडिकल कॉलेजों से अपेक्षा की जाती है कि मेडिकल कॉलेज में होने वाले प्रसव (सामान्य अथवा जटिल) के लिये लाभार्थी द्वारा किसी भी प्रकार की धनराशि का व्यय नही किया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक मेडिकल कॉलेज द्वारा अपने यहा प्रसव के लिये होने वाले व्यय (ड्रग्स, कन्ज्यूमेबिल्स) को उपरोक्त धनराशि से वहन किया जायेगा। यहाँ यह भी संज्ञान में लाना है कि जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ए0एन0सी0 ड्रग्स यू0पी0एम0एस0सी0एल0 द्वारा आपूर्ति करायी जा रही है। अतः जनपदो में संचालित मेडिकल कॉलेजो में भी यू0पी0एम0एस0सी0एल0 माध्यम से निःशुल्क ए0एन0सी0 ड्रग्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।*

- निःशुल्क उपचार हेतु सामान्य दिशा-निर्देशः-

सभी गर्भवती महिलाओं को द्वितीय व तृत्रीय त्रैमास (छःमाह) में सामान्य परिस्थितियों में प्रतिदिन 01 गोली आयरन की दी जानी हैं तथा प्रसव पश्चात भी 06 माह तक प्रतिदिन 01 गोली आयरन की दी जानी हैं। इस प्रकार गर्भावस्था मे 180 गोलियां एवं **प्रसवोत्तर 180 गोलियाँ गर्भवती महिला को दी जानी है, जो छुट्टी के समय एवं बच्चें के टीकाकरण के समय आने पर दी जायेगी।** एनीमिया होने की स्थिति में प्रतिदिन 02 आयरन की गोली दी जायेंगी एवं प्रसव पश्चात भी 06 माह तक प्रतिदिन 01 गोली आयरन की दी जानी हैं। इसी प्रकार एनीमिक गर्भवती महिला को गर्भावस्था में 360 गोलिया एवं प्रसवोत्तर 180 गोलियाँ दी जानी है। प्रदेष में 50 प्रतिशत एनीमिक गर्भवती महिलाओं के दृष्टिगत समस्त गर्भवती महिलाओं के लिये 450 आई0एफ0ए0 गोली प्रति महिला आवश्यक होंगी। उपर्युक्त के अतिरिक्त गर्भकाल में गम्भीर एनीमिया में आयरन सुक्रोज भी दिया जाना है।

सभी गर्भवती महिलाओं को द्वितीय व तृत्रीय त्रैमास (छःमाह) में कैल्शियम की 02 गोली (1-1 गोली सुबह शाम) दिया जाना है। **प्रसव पश्चात भी छः माह तक प्रतिदिन 02 गोली कैल्शियम (1-1 गोली सुबह शाम) खाने के तुरन्त बाद दी जानी हैं, जो छुट्टी के समय एवं बच्चें के टीकाकरण के समय आने पर दी जायेगी।** इस प्रकार प्रत्येक गर्भवती को **कैल्शियम** की **720 गोली** दी जानी है।

ए0एन0एम0/स्टाफ नर्स प्रत्येक गर्भवती को द्वितीय त्रैमास में एलबेन्डाजॉल की 01 गोली छाया वी0एच0एस0एन0डी0/यू0एच0एस0एन0डी0 सत्र अथवा पी0एम0एस0एम0ए0 क्लीनिक में अपने सामने खिलाना सुनिश्चित करेगी।

प्रथम त्रैमास में प्रत्येक गर्भवती महिला को प्रतिदिन 400 माइक्रो ग्रा0 फोलिक एसिड की 1 गोली दी जानी है।

*नोट- किसी भी प्रसूता से बाहर से औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स अथवा कोई अन्य सामग्री नही मगवायी जानी है।*

निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनपद की भौतिक प्रगति की रिपोर्ट भेजते समय आउटरीच सेवाओं व ए0एन0सी0 क्लीनिकों से उन गर्भवती महिलाओं की संख्या भी सम्मिलित की जाये जिनको एलबेन्डॉजॉल, कैल्शियम तथा आई0एफ0ए0 आदि प्रसव पूर्व सेवाओं की सुविधा प्रदान की गयी हो। किसी भी स्थिति में **01 गर्भवती महिला को दोबारा न गिना जाये।** उचित होगा कि प्रविष्टी के समय आर0सी0एच0 एवं ई-कवच पोर्टल से ही भौतिक प्रगति का सत्यापन किया जाये।

3. निःशुल्क भोजन व्यवस्थाः– FMR

- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम में प्रत्येक जनपद की समस्त 24X7 स्वास्थ्य इकाईयां (एल 2 एवं एल 3 प्रसव इकाईयां ) पर निःशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस हेतु जनपदो से प्राप्त एच0एम0आई0एस0 की रिपोर्ट के अनुसार कुल 23,55,000 (22,35,000 सामान्य प्रसव व 1,20,000सिजेरियन प्रसव) लाभार्थियों का लक्ष्य रखा गया है। सभी जनपद / ब्लाक स्तरीय / शहरी स्वास्थ्य इकाइयों (एल–2 एवं एल–3 प्रसव इकाईयों) में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष निःशुल्क भोजन हेतु रू0 100 / –प्रति दिन की अधिकतम दर स्वीकृत है। गर्भवती महिला को भर्ती के दौरान निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार द्वारा सामान्य प्रसव में 03 दिवस व सिजेरियन प्रसव में 07 भर्ती दिवसों हेतु अनुमति प्रदान की गयी है, परन्तु गत वर्षों के व्यय की प्रगति के अनुसार बजट आवंटन के उद्देश्य से सामान्य प्रसव में औसतन 02 दिवस व सिजेरियन प्रसव में औसतन 05 दिवस की अवधि की दर से धनराशि का आंगणन कर जनपदों को धनराशि आवंटित की गयी है।

*नोट–यदि गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसवोंपरान्त उपरोक्त दिवसों से ज्यादा दिन प्रसव कारणों से स्वास्थ्य इकाई पर भर्ती है, तो भी उसे जे0एस0एस0के0 डाईट के मद से निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना आवश्यक है।*

| क्र. सं. | गतिविधि | एफ0एम0आर0 एवं फैम्स कोड | भौतिक लक्ष्य | जनपदों को आवंटित धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निःशुल्क भोजन सामान्य प्रसव–दो दिन एव सिजेरियन प्रसव–पॉच दिन | RCH.1.4.OOC.1 | 23,55,000 लाभार्थी | 38,02,50,000 |
| 2 | पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस में गर्भवती महिलाओं हेतु सूक्ष्म जल–पान | RCH.1.4.OOC.2 | 1649 पीएमएसएमए फेसलिटी | 5,40,96,000 |
| | कुल योग | | | 43,43,46,000 |

- पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस हेतु मेडिकल कॉलेज, जिला महिला / संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित होने वाले पी0एम0एस0एम0ए0 क्लीनिक हेतु रू0 2,000 / –प्रति इकाई दर से।
- पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस हेतु सी0एच0सी0 एवं अन्य स्वास्थ्य इकाई, जहॉं पर पी0एम0एस0एम0ए0 का आयोजन किया जाता है, वहॉं रू0 1,500 / – प्रति पी0एम0एस0एम0ए0 क्लीनिक की दर से।
- निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने हेतु पति लाभार्थी रू0 100 / –प्रति दिन की अधिकतम दर भारत सरकार से स्वीकृत है, अतः उक्त सीमा तक धनराशि व्यय की जा सकती है, जिसमें सुबह का नाश्ता एवं दो समय का भोजन सम्मिलित होगा।

| नाश्ता | दोपहर भोजन–लन्च | रात्रि का भोजन–डिनर |
|---|---|---|
| प्रातः 07 बजे से 8:30 बजे | दोपहर 01 बजे से 02 बजे | साय 07 बजे से 8:30 बजे |
| अनुमानित दर रु0 20–30 | अनुमानित दर रु0 35–40 | अनुमानित दर रु0 35–40 |
| एक ग्लास दूध (200 ml)के साथ 02 अण्डे / दलिया / पोहा / ब्रेड (4 स्लाइस) व 10 ग्राम मक्खन। | 4 रोटी ,दाल ,मौसमी सब्जी, चावल एवं सलाद / दही। | 4 रोटी , मौसमी सब्जी, चावल एवं मौसमी फल (सेब, सन्तरा केला आदि) / एक गिलास दूध। |

- जनपद की जिला स्वास्थ्य समिति निम्न विकल्पों में से किसी एक विकल्प से निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने स्तर से निर्णय ले, जिससे कि प्रसूता को ससमय गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके:–

1. निविदा प्रकियाके माध्यम से (Outsourcing Basis-Per Meal Based/Monthly Contract Based)।
2. उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों के द्वारा।

3. जिन जिला चिकित्सालयों में प्रेरणा कैन्टीन के माध्यम से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था संचालित हैं, उनको प्राथमिकता दी जाए।

जनपद उक्त विकल्पों में से सम–सामयिक स्थिति व गुण दोषों के आधार पर किसी एक विकल्प का चयन कर, जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही निःशुल्क भोजन व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है।

राज्य स्तर से प्रेषित पत्रांक–एस.पी.एम.यू./जे.एस.एस.के./93वॉ0–4/2015–16/2556–2 दिनांक 16.07.2015 के अनुसार भोजन की गुणवत्ता बने रहने हेतु रू0 90/– या अधिक के दर अनुबन्ध ही किया जाये।

- जिन जनपदों में उपरोक्त दिये गये विकल्पों के अनुसार निःशुल्क भोजन की व्यवस्था नहीं हो पाती है, तो अन्तिम विकल्प के रूप में स्थायी व्यवस्था न होने तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गर्भवती महिला/प्रसूता को दोनों समय आधे लीटर दूध की एक–एक थैली, फल अथवा अण्डे, अच्छे ब्राण्ड की डबलरोटी तथा 20 ग्राम पैकेड् मक्खन उपलब्ध कराया जा सकता है।

  *नोट–प्रत्येक स्थिति में प्रसूता को मानकानुसार निःशुल्क भोजन की व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करायी जाये।*
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत भोजन की सुविधा प्रदान कर रही प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई को पूर्व से प्रचलित प्रारूप पर जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करना अनिवार्य है। यह डाइट **रजिस्टर भर्ती प्रसूताओं की वास्तविक संख्या व उनके द्वारा प्राप्त किये गये भोजन के आधार पर ही प्रभारी नर्स द्वारा भरा जायेगा, जिसे चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिदिन सत्यापित किया जाना है।** रजिस्टर के रख रखाव का उत्तरदायित्व प्रभारी वार्ड नर्स का होगा और इकाई के प्रभारी इसको प्रतिदिन अवलोकित करेंगे। राज्य, मण्डल अथवा जिला स्तरीय अधिकारी जब भी अनुश्रवण हेतु चिकित्सा इकाइयों पर भ्रमण करें तो रजिस्टर का अवलोकन अवश्य किया जाना है।।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस में यदि कोई गर्भवती महिला किसी कारणवश चिकित्सालय में उस दिन भर्ती होती है, भोजन की व्यवस्था जे0एस0एस0के0 डाइट के बजट से किया जाना है।

## 4. निःशुल्क ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा

उत्तर प्रदेश शासन के स्तर से निर्गत शासनादेश संख्या–1019/पांच–1–2011 दिनांक 19.04.2011 द्वारा जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत समस्त लाभार्थी महिलाओं को रक्त/रक्त अवयव हेतु सर्विस चार्ज में छूट प्रदान की गई है। इस प्रकार शासन के स्तर से जननी शिशु सुरक्षा योजना के समस्त लाभार्थियों को ब्लड ट्रान्सफ्यूजन की स्थिति में कन्ज्यूमेबिल्स तथा जांचों की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। निःशुल्क ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिये सभी गर्भवती महिलायें अर्ह (पात्र)होंगी।

रक्त की कमी से किसी भी गर्भवती/प्रसूता की मृत्यु होना अत्यन्त खेदजनक है। कृपया इस सम्बन्ध में **मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/अधीक्षक, जिला पुरूष/संयुक्त चिकित्सालय व प्रभारी चिकित्साधिकारी, ब्लड बैंक को निर्देशित करें कि किसी भी गर्भवती महिला/प्रसूता को आवश्यकता पड़ने पर ब्लड ट्रान्सफ्यूजन की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाये और परिवार के सदस्यों द्वारा रक्तदान की बाध्यता न रखी जाये।**

## 5. निःशुल्क परिवहन सुविधाः–

